● जयपुर, शुक्रवार, 7 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 279 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनु, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

पेज @3 महिलाओं के द्वारा जूट बैग अमेरिका और जर्मनी में बिकेंगे...

पेज @4 यूपी में कांग्रेस की जीत पर प्रियंका ने जनता और कार्यकर्ताओं...

पेज @8 भारतीय संस्कृति और राष्ट्र गान की गूंज फ्रांस की सीनेट में हुई...

### राहुल गांधी ने मोदी-शाह को घेरा, एग्जिट पोल को बताया स्टॉक मार्केट का सबसे बड़ा घोटाला

# शेयर बाजार में आये भूचाल की जांच करे जेपीसी : राहुल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चुनाव परिणाम आने से पहले शेयर बाजार को लेकर जो टिप्पणी की, उससे शेयर बाजार को 30 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है और यह शेयर बाजार इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला है, इसलिए इसकी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराई जानी चाहिए।

श्री गांधी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शेयर बाजार को लेकर श्री मोदी तथा उनके मंत्रियों ने जो भ्रम फैलाया, वह सोची-समझी रणनीति का हिस्सा था। वे तीनों जानते थे कि चार जून को आ रहे परिणाम एग्जिट पोल के मुताबिक नहीं आ रहे हैं, इसके बावजूद उन्होंने शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिसके कारण निवेशकों के 30 लाख करोड़ डूबे हैं। यह बहुत बड़ा घोटाला है और इसकी जेपीसी जांच जरूरी है।

- शेयर बाजार को 30 लाख करोड़ रुपये का हुआ नुकसान
- मोदी-शाह ने फैलाया भ्रम



उन्होंने कहा कि यह अब तक का बड़ा घोटाला है और इसको लेकर श्री मोदी ने न्यूज चैनल के जरिए पहले जो संकेत दिए उसका निवेशकों पर सीधा असर हुआ है।

यह संकेत अंबानी के चैनल के माध्यम से श्री मोदी ने दिया और शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिससे रिटेल निवेशक को 30 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि श्री मोदी ने निवेशकों को स्पष्ट संकेत दिया था कि चार जून को शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल आएगा जबकि उन्हें मालूम था कि एग्जिट पोल गलत है। उन्होंने पूछा कि इस तरह का संकेत देने की क्या कारण थे और निवेशकों की लाखों करोड़ों रुपए डूबने की क्या वजह थी। उनका कहना था कि यह बहुत बड़ा घोटाला है और इस पूरे प्रकरण की जेपीसी से जांच कराई जानी चाहिए।

### भाजपा ने कहा, अपरिपक्व और झूठे हैं राहुल

राहुल गांधी के आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान बताता है कि वे अभी भी अपरिपक्व हैं और भ्रम फैलाने के लिए झूठ का सहारा लेते रहते हैं। गौरव भाटिया ने कहा कि यह आधा अधूरा बयान है कि 4 जून को शेयर बाजार कितना लुढ़का। राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए था कि पिछले दो दिनों में शेयर बाजार कितनी तेजी से बढ़ा, कितने लाख करोड़ रुपए का लाभ निवेशकों को हुआ। गौरव भाटिया ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के बयानों को पढ़कर सुनाया और कहा कि इसमें कहीं भी निवेशकों से शेयर मार्केट में पैसा लगाने का आह्वान नहीं किया गया था। शेयर मार्केट का उल्लेख देश की मजबूत होती अर्थ व्यवस्था के संबंध में किया गया था। पर राहुल गांधी का बयान और जेपीसी की मांग का सीधा अर्थ है कि वे आगामी लोक सभा में भी नकारात्मक मुद्दों को उठाने वाले हैं। उनका दल देश और विपक्ष देश की तरक्की के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने की बजाय हल्ला और हंगामा ही करना चाहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के तिहाड़ जेल में फिर चले चाकू, टिल्लू और गोगी गिरोह के बीच मारपीट

**नईदिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली के तिहाड़ जेल में एक बार फिर कैदियों के बीच मारपीट की खबर सामने आई है। इस दौरान नुकीले सुआ और चाकू से हमले किए गए। घटना बुधवार दोपहर को घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया कि मारपीट टिल्लू गिरोह के 2 कैदी गौरव और गुरिंदर ने शुरू की थी। उन्होंने गोगी गिरोह के सदस्य हितेश पर हमला कर दिया।दोनों ने हितेश को चाकू और सुआ से बुरी तरह घायल कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हितेश को डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारपीट के मामले में कैदियों की पहचान की जा रही है।मारपीट किस बात पर शुरू हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे से जांच कर रही है और अन्य कैदियों से पूछताछ जारी है।पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर हरिनगर थाने में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

### कोटा में नीट परिणाम के बाद छात्रा 9वीं मंजिल से कूदी, इस साल 11वां मामला

**जयपुर/एजेंसी।** राजस्थान के कोटा में एक छात्रा की आत्महत्या की खबर आई है। राष्ट्रीय प्रवेश-सह पात्रता परीक्षा (नीट) के परिणाम जारी होने के एक दिन बाद बुधवार को मेडिकल की तैयारी कर रही छात्रा ने अपनी जान दी।18 वर्षीय छात्रा की पहचान बागिशा तिवारी के रूप में हुई है। उसने अपार्टमेंट की 9वीं मंजिल के कूदकर जान दी।तिवारी मध्य प्रदेश के रीवा की रहने वाली थीं। वह मां और भाई के साथ जवाहर नगर इलाके में रह रही थीं। पुलिस का कहना है कि छात्रा के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इसलिए सभी कोणों से जांच की जा रही है। वह निजी कोचिंग में परीक्षा की तैयारी कर रही थी।छात्रा का भाई 12वीं में पढ़ता है।



# एक दिन आगे बढ़ी पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख, अब 9 जून लेंगे शपथ!

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम आने के बाद से ही हर कोई इस बात का इंतजार कर रहा है कि आखिर नई सरकार कब बनेगी. किसी दिन नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे. दरअसल ऐसा लगातार तीसरी बार होगा जब नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे. लोकसभा चुनाव के परिणाम तो 4 जून को घोषित हो गए लेकिन अब तक शपथ ग्रहण समारोह की तारीख को लेकर आधिकारिक जानकारी नहीं मिल रही है. इस बीच खबर आई है कि नरेंद्र मोदी की 8 जून को शपथ टल गई है. जी हां अब मोदी 8 जून को शपथ नहीं लेंगे.

एनडीए की तीसरी सरकार का गठन और शपथ ग्रहण समारोह अब एक दिन आगे बढ़ गया है. सूत्रों के हवाले से मिल रही जानकारी के मुताबिक नरेंद्र मोदी 9 जून रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे. उनके साथ कुछ केंद्रीय मंत्री भी शपथ ले सकते हैं. इनमें अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी से लेकर टीडीपी और जेडीयू के कुछ सांसद भी शामिल होंगे.

बता दें कि केंद्रीय मंत्रिमंडल तय करने को लेकर लगातार मंथन और बैठकों का दौर चल रही है. इसी कड़ी में गुरुवार को बीजेपी नेता जेपी नड्डा के निवास पर सुबह से ही मीटिंग हो रही है. इस दौरान किस दल को क्या मंत्रालय दिया जाए इसको लेकर भी विचार हो रहा है. एनडीए के कुछ सांसद शुक्रवार को भी बैठक करेंगे. इस दौरान औपचारिक रूप से नरेंद्र मोदी को अपना नेता भी चुना जाएगा.

नरेंद्र मोदी भले ही तीसरी बार पीएम पद की शपथ ले रहे हैं. लेकिन इस बार समीकरण अलग हैं. पहले दो टर्म में बीजेपी अपने दम पर बहुमत का आंकड़ा पार कर चुकी थी, लेकिन इस बार बीजेपी के पास 241 सीट हैं. यानी उनकी निर्भरता सहयोगी दलों पर बढ़ गई है.

वहीं विपक्षी इंडिया गठबंधन भी 234 सीट हासिल कर चुका है, लिहाजा दोनों ओर से सरकार बनाने के प्रयास हो रहे हैं, ऐसे में जरूरी है कि जितना जल्दी हो सके सरकार बना ली जाए.यही कारण है कि इस बार पीएम मोदी 5 दिन में ही सरकार बना लेंगे. हालांकि इससे पहले 2019 में पीएम मोदी ने नतीजे आने के 7 दिन बाद सरकार बनाई थी, जबकि इससे पहले यानी वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिजल्ट आने के 10 दिन बाद सरकार बनाई थी. बता दें कि इससे पहले बुधवार को ही एनडीए के सदस्यों की एक बैठक हुई थी. इस बैठक में ही सभी सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया था. हालांकि इसका औपचारिक ऐलान अभी बाकी है.

# लोकसभा चुनाव जीत 41 पार्टियों के उम्मीदवार पहुंचे संसद

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं. एनडीए एक बार फिर से केंद्र में सरकार बनाने जा रही है. पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे. इस बार बीजेपी को 240 सीटें और कांग्रेस के 99 उम्मीदवार चुनाव जीते है. दोनों पार्टियों के मिलाकर कुल 339 सदस्य संसद पहुंचे हैं. इस तरह से 18वीं लोकसभा में कुल 41 पार्टियों के उम्मीदवार चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं. बुधवार को भंग हुई 17वीं लोकसभा में 36 पार्टियों के सांसद लोकसभा पहुंचे थे. बता दें कि लोकसभा में कुल 545 सीटें हैं इनमें से 443 सीटों पर ही चुनाव होता है. बाकी दो सीटों पर राष्ट्रपति द्वारा सदस्यों को मनोनीत किया जाता है.

### सदन में होंगे बीजेपी और कांग्रेस के 339 सदस्य



18वीं लोकसभा में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी है. जिसके पास 240 सदस्य हैं. वहीं कांग्रेस दूसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है. जिसके पास 99 सदस्य हैं. इस तरह से दोनों बड़ी पार्टियों के पास कुल 339 सांसद हैं. बता दें कि बीजेपी लगातार तीसरी बार सबसे बड़ी पार्टी के रूप में संसद में प्रतिनिधित्व करेगी. 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के पास 282 सांसद थे, जबकि 2019 में बीजेपी ने 303 सीटें सीटें जीती थीं. हालांकि इस बार बीजेपी की सीटों पहले के दोनों चुनाव के मुकाबले काफी कम हैं. वहीं 2014 में कांग्रेस के पास 44 सीटें और 2019 में कुल 52 सांसद ही थे. इस बार कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया और 99 सीटों पर जीत हासिल की है.

### दिल्ली को हिमाचल प्रदेश से मिलेगा अतिरिक्त पानी, सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश

**नईदिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली को जल्द जल संकट से राहत मिल सकती है। जल संकट को लेकर दिल्ली सरकार की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।इस दौरान कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश को दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी छोडने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने हरियाणा सरकार से कहा है कि वह दिल्ली में पानी पहुंचने की राह में रोड़ा न बने, बल्कि सहयोग करे।कोर्ट ने कहा है कि पानी की बर्बादी न हो इसका भी ध्यान रखा जाए। कोर्ट ने कहा, चूंकि हिमाचल प्रदेश को कोई आपत्ति नहीं है, इसलिए हम निर्देश देते हैं कि वह ऊपरी धारा से 127 क्यूसेक पानी छोड़े, जो हथिनीकुंड बैराज तक पहुंचे और फिर वजीराबाद होते हुए दिल्ली पहुंचे। आवश्यकता को देखते हुए हम हिमाचल प्रदेश को हरियाणा को पूर्व सूचना देते हुए कल पानी छोडने का निर्देश देते हैं। अपर यमुना रिवर बोर्ड आगे की आपूर्ति के लिए पानी की स्थिति मापेगा।



### चंद्रबाबू नायडू 12 जून को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

**नईदिल्ली/एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के विधानसभा चुनाव में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) सबसे बड़ी पार्टी उभरी है। उसने जगन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को बुरी तरह मात दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव नतीजों के बाद टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू राज्य की सत्ता संभालने की तैयारी कर रहे हैं। वह संभवतः 12 जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।नायडू राज्य में चौथी बार मुख्यमंत्री के रूप में कामकाज संभालेंगे। पहले वह 9 जून को शपथ लेने वाले थे। नायडू पहले 9 जून के अपने शपथ ग्रहण समारोह में नरेंद्र मोदी को भी प्रधानमंत्री के तौर पर आमंत्रित करने वाले थे, लेकिन तब तक केंद्र में सरकार बनने को लेकर असमंजस की स्थिति थी।बुधवार को स्थिति साफ होने के बाद नायडू के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख बदल दी गई।बता दें कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) 7 जून को सरकार बनाने का दावा पेश करेगी।8 जून को मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। आंध्र में चुनाव से पहले भाजपा ने नायडू की टीडीपी और फिल्म अभिनेता पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ गठबंधन किया था।

### भजनलाल सरकार ने लिया प्रभावी एवं बड़ा फैसला

# गहलोत राज की भर्तियों का दोबारा वेरिफिकेशन होगा

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** चुनाव खत्म होने के साथ ही राजस्थान की भजनलाल सरकार ने बड़ा निर्णय किया है। सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समय सरकारी विभागों में हुई भर्तियों की जांच करवाने का निर्णय किया है। इसके लिए कार्मिक विभाग ने उन सभी विभागों को पत्र लिखा है, जिनमें पिछले 5 साल में कर्मचारियों की भर्तियां हुई हैं। सिलेक्ट हुए अभ्यर्थियों के शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच की जाएगी। इसके लिए हर विभाग में एक इंटरनल कमेटी बनाए जाने के निर्देश दिए हैं।कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमंत गेरा ने जारी किए आदेशों में लिखा है कि पिछले कुछ सालों में जो भर्तियां हुई हैं, उसमें प्रस्तुत फर्जी शैक्षणिक दस्तावेज और डमी कैंडिडेट के मामले खूब सामने आए हैं। इस तरह से कई नौकरियां लोगों ने हासिल कर ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए हर विभाग, जिनके यहां पिछले 5 साल में भर्तियां हुई हैं, वह अपने यहां एक इंटरनल कमेटी बनाए और सिलेक्ट अभ्यर्थियों के शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच करें।इसके साथ ही ये भी जांच करें कि परीक्षा देने वाला और नौकरी जॉइन करने वाला व्यक्ति एक ही है। इसके लिए आवेदन पत्र, फोटो, हस्ताक्षर, शैक्षणिक दस्तावेज समेत तमाम जांच की जाए। अगर किसी अभ्यर्थी के दस्तावेज या भर्ती संबंधी सूचनाएं संदिग्ध पाई जाए तो इसकी सूचना एसओजी को दें। कार्मिक विभाग ने सभी विभागों को लेटर भेजा है और एक इंटरनल कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं।

### शैक्षणिक दस्तावेजों की होगी सघन जांच



### ● फर्जी डिग्रियों-डमी कैंडिडेट मामलों की जांच कर रही एसओजी

» एसओजी पीटीआई भर्ती सहित अन्य परीक्षाओं में फर्जी डिग्रियों, डमी कैंडिडेट मामलों की जांच कर रही है। एसओजी ने पिछली भर्तियों में मुख्य मुख्य तौर पर बाहरी राज्यों से लाई गई डिग्रियों सहित खेल सर्टिफिकेट और अन्य दस्तावेजों के वेरिफिकेशन करने की बात कही है। एसओजी ने अब तक 30 एफआईआर दर्ज की है। इनमें 24 एफआईआर तो डमी कैंडिडेट बिठाकर परीक्षा पास करने की है।2019 से 2023 तक 2.40 लाख पदों पर निकलीं भर्तियां पिछले 5 साल में 5546 पीटीआई, 10 हजार कंप्यूटर अनुदेशक, 9760 वरिष्ठ अध्यापक, 3 हजार सीईटी स्नातक स्तर, 6000 स्कूल व्याख्याता, 460 लाइब्रेरियन, 3531 सीएचओ सहित करीब 2.40 लाख पदों पर भर्तियां निकली हैं। कई भर्तियों का परिणाम आना बाकी है। 5 साल में पेपर लीक होने के प्रकरण भी काफी आए, जिनमें लाइब्रेरियन ग्रेड थर्ड, कनिष्ठ अभियंता सिविल, रीट 2021, पुलिस कॉन्स्टेबल 2021, वनरक्षक, वरिष्ठ अध्यापक ग्रुप ए, बी, सी परीक्षाओं के पेपर आउट हुए थे।

# इंडी गठबंधन : यह जीत नहीं हार है

देश में हुए लोकसभा चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। ये चुनाव परिणाम कई मायनों में महत्वपूर्ण सन्देश देने वाले कहे जा सकते हैं। इसमें पहली बात यह है कि भारतीय जनता पार्टी ने चार सौ पार का नारा दिया, उसने एक बार फिर से इंडिया शाइनिंग वाले 2004 के चुनाव की याद याद दिला दी। यह संतोष की बात कही जा सकती है कि राजग को सरकार बनाने लायक बहुमत प्राप्त हो गया है। इस चुनाव परिणाम को भाजपा के लिए एक बड़े सबक के रूप में देखा जा रहा है, जबकि अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए पिछले दस वर्षों से संघर्ष करने वाले विपक्ष को कायाकल्प करने वाली संजीवनी मिलने के रूप में देखा जा रहा है।

वैसे, चुनाव नतीजों को इंडी गठबंधन के लिए हार ही कहा जाएगा। भाजपा वाले गठबंधन ने भले ही बहुमत का आंकड़ा प्राप्त कर लिया है लेकिन खुद भाजपा के नेता इसे जीत के रूप में प्रचारित करने का साहस नहीं जुटा पा रहे है। इसके विपरीत इंडी गठबंधन तो ताल ठोकते हुए इसे भाजपा की हार बता रहा है। यह सही है कि चुनाव में राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबंधन को अपेक्षित सफलता नहीं मिली, लेकिन सरकार बनाने लायक सीट की संख्या उसके पास है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। इसलिए इस जीत को कई मायनों में ऐतिहासिक ही माना जाएगा। आज नरेन्द्र मोदी उस कतार में शामिल हो गए हैं, जो उन्हें औरों से अलग बनाते हैं। भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश ने दिया है। यहां दो लड़कों की जोड़ी ने भाजपा की उड़ान की गति को बहुत हद तक रोकने में सफलता प्राप्त की है। हम जानते हैं कि जिस प्रकार से समाचार चैनलों ने स्पष्ट रूप से भाजपा की बहुमत वाली सरकार बनाने का पूर्वानुमान दिखाया था, वह परिणाम से मेल रखने वाला नहीं रहा।

देश के विपक्षी दलों ने यह आरोप लगाकर इस एग्जिट पोल को पूरी तरह से खारिज कर दिया। कांग्रेस की ओर से यह दावा भी किया गया था कि इंडी गठबंधन को 290 सीटें मिलेंगी और बहुमत की सरकार बनेगी। सबको यही लग रहा था कि कांग्रेस के दावे में दम नहीं है, लेकिन चुनाव के परिणाम ने यह जाहिर कर दिया कि उनके दावे में दम था। दावे में जो सीटों की संख्या बताई गई थी इंडी गठबंधन उस आंकडे से बहुत पीछे रह गया, लेकिन इंडी गठबंधन के कई उम्मीदवार बहुत कम अंतर से पराजित हुए हैं, इसे भी अप्रत्याशित बढ़त के रूप में ही देखा जा रहा है। इंडी गठबंधन के लिए सबसे ज्यादा सुकून देने वाली बात यह भाजपा गठबंधन 300 के पार भी नहीं जा सका। भाजपा के लिए चिंतन का मुद्दा यह है कि उसके मूल कार्यकर्ता इस चुनाव से दूर रहे। भाजपा नेतृत्व ने जितना भरोसा बाहर से आए नेताओं पर किया, उतना अपने पुराने कार्यकर्ताओं पर नहीं किया। बाहर से आए नेता केवल दिखावा करते रहे और भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई। जिसके कारण भाजपा का समर्थक मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंच ही नहीं सका। यह भी भाजपा के लिए एक बड़ा अवरोधक बनता दिखाई दिया, जबकि इंडी गठबंधन के नेता यह योजना बनाकर मैदान में थे कि अधिक मतदान कराने का प्रयास किया जाए। उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के गठबंधन को मिली सफलता इस बात का परिचायक है कि इन दोनों दलों ने मुस्लिम और यादव मतों पर ज्यादा मेहनत की। इसके अलावा पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को भी अपने पाले करने के लिए मेहनत की। इसी मेहनत ने अपेक्षित परिणाम दिए।

यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण होगा कि इस बार मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने इंडी गठबंधन के लिए विजय के द्वार खोलने में मदद की। ऐसा नहीं है कि उनकी मदद करने की मंशा थी, वह मदद नहीं करना चाहती थीं, लेकिन अजा, जजा और पिछड़े वर्ग का जो वोट भाजपा को मिलना था, वह इस बार भाजपा को नहीं मिला। इसे भी भाजपा की हार के रूप में देखा जा रहा है। वैसे राजनीतिक दृष्टि से आकलन किया जाए तो यह भाजपा की बड़ी जीत ही कहा जाएगा, क्योंकि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग गठबंधन ने तीसरी बार सत्ता को अपने पास रखा है। इंडी गठबंधन भी इसलिए सक्रिय हो गया है, क्योंकि अगर किसी भी स्थिति में बिल्ली के भाग्य से छींका टूट गया तो मलाई खाने का अवसर मिल सकता है। परिणामों के बाद अब इसमें कोई संदेह नहीं है कि राजग की सरकार बनेगी, साथ ही एक मजबूत विपक्ष भी होगा। इसलिए अब भाजपा नीत सरकार को बेहद सधे कदमों से चलना होगा। जैसा कि सभी जानते हैं कि जब विपक्ष कमजोर रहा, तब उन्होंने संसद को कई बार बाधित किया। चूंकि अब विपक्ष मजबूत है तो इस बात की बहुत ज्यादा संभावना बन जाती है कि वे छोटी- छोटी बातों पर संसद को बाधित कर सकते हैं।

यह बात सही है कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने राजनीतिक भ्रष्टाचार पर बहुत हद तक सफलता प्राप्त की है। और तो और अपने तीसरे कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार को समाप्त करने का संकल्प दोहराया है। हम जानते हैं कि विपक्ष के कई बड़े राजनेता भ्रष्टाचार के आरोप को झेल रहे हैं। इनमें से कई जमानत पर बाहर हैं। इसलिए यह भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार का साथ देंगे, इसकी गुंजाइश कम ही है। लेकिन यह सच है कि भारत में भ्रष्टाचार का निर्मूलन होना ही चाहिए। यह देश को अच्छा बनाने का कदम है, जिसके लिए सभी दलों को साथ देना चाहिए। जहां तक राजनीति की बात है तो लोकसभा चुनाव के दौरान जिस प्रकार से प्रचार किया गया, उसमें नकारात्मकता अधिक देखी गई। रचनात्मक विरोध तो कहीं भी देखने को नहीं मिला। लेकिन अब चूंकि चुनाव समाप्त हो गए हैं और परिणाम भी आ चुके हैं, इसलिए अब नकारात्मक राजनीति से सभी दलों को तौबा करने की ओर कदम बढ़ाने चाहिए। क्योंकि अब विरोध करने का नहीं, बल्कि देश को बनाने का समय है।

# अब भी मोदी सबसे बड़े और वर्चस्वी नेता हैं



ललित गर्ग

अठारहवीं लोकसभा चुनाव के नतीजे भले ही अपने अंदर कई संदेशों को समेटे हुए हैं, भले ही भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला हो, भले ही इंडिया गठबंधन एक चुनौती के रूप में खड़ा हुआ हो, फिर भी तीसरी बार नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बनते हुए नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये वे पहले दो कार्यकाल से अधिक शक्ति, संकल्प एवं जिजीविषा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सीटों के लिहाज से भाजपा को भले ही नुकसान हुआ, लेकिन लगातार तीसरी बार वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। ओडिशा और तेलंगाना में पार्टी ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबको चौंकाया है। ओडिशा में लोकसभा ही नहीं, विधानसभा में भी पार्टी ने बीजू जनता दल का 24 साल से चला आ रहा वर्चस्व तोड़ा। अरुणाचल प्रदेश की 60 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में 54 प्रतिशत मत और 46 सीटों के प्रचंड बहुमत के बल पर भाजपा सरकार बनाने में सफल हुई है। वहीं, गुजरात, छतीसगढ़ और मध्य प्रदेश भाजपा के गढ़ बने हुए हैं, जबकि देश की राजनीति में अब भी मोदी सबसे बड़े एवं वर्चस्वी नेता है। वे अब भी अपने चौंकाने वाले एवं आश्चर्य में डालने वाले विलक्षण एवं अनूठे फैसलों से राष्ट्र को विकास की नई उड़ान देते रहेंगे। भाजपा को कम सीटें मिले कारणों की समीक्षा एवं मंथन करते हुए अपनी हार के कारणों को सहजता एवं उदारता से स्वीकारना चाहिए एवं जिन गलतियों के कारण कम सीटें मिली, उन्हें दूर करना चाहिए।

इस बार के चुनाव को नियोजित एवं प्रभावी तरीके से सम्पन्न करने में चुनाव आयोग की भूमिका सराहनीय रही। भले ही इंडिया गठबंधन ने ई.वी.एम. और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगाकर देश एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कलंकित किया था। लेकिन चुनाव परिणाम ने न केवल इस प्रकार के भ्रामक, गुमराह करने वाली बातों एवं मिथकों को तोड़ दिया, बल्कि इसने भारत के जीवंत, बहुलतावादी, पंथनिरपेक्षी और स्वस्थ लोकतांत्रिक छवि को पुनर्स्थापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी का अंधविरोध करने वाला वाम-जिहादी-सम्प्रदायवादी राजनीतिक समूह अपने इस वाहियात प्रलाप एवं राष्ट्र-विरोधी षड़यंत्र में कोई कमी नहीं छोड़ी। बावजूद इसके इंडिया गठबंधन के घटक दलों के लिये चुनाव परिणाम अनेक अर्थों में संतोषजनक रहे हैं। कांग्रेस के लिये यह चुनाव नये जीवन का वाहक बना हैं। वैसे भी एक आदर्श लोकतंत्र के लिये सशक्त विपक्ष का होना जरूरी है, यही लोकतंत्र को खूबसूरती देता है। भारतीय मतदाताओं ने इंडिया गठबंधन को विपक्षी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने का संदेश दिया है।

इस बार के चुनाव परिणाम अनेक राजनीतिक दलों के सामने भी अनेक प्रश्न खड़े किये हैं। कौन जेल में रहेगा, इसका फैसला अदालतें करती हैं। परंतु दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस चुनाव को अपने जेल के अंदर रहने या बाहर रहने का अधिकार मतदाताओं को सौंपा था, जिसका नतीजा यह रहा कि उनके शासित वाले दिल्ली में 'आप' का खाता तक नहीं खुला, तो वहीं उनकी पार्टी पंजाब में विधानसभा चुनाव-2022 का चमत्कार दोहराने में विफल हो गई और 13 में से केवल 3 सीटें ही जीत पाई। शरद पवार का राजनीतिक वारिस कौन और असली शिवसेना किसकी? क्या माया और ममता अब भी ताकतवर हैं? यह चुनाव ऐसे ही कई सवालों के साथ शुरू हुआ था। इनमें से कुछ के जवाब मिल गए हैं और कुछ के बाकी हैं। जिस तरह के नतीजे आए हैं, उससे यह संदेह भी पैदा हुआ है कि क्या देश में आर्थिक सुधार जारी रहेंगे? क्या देश विकास के पथ पर अग्रसर होता रहेगा? नीतिगत स्थिरता का क्या होगा? शायद इसी संदेह की वजह से शेयर बाजार में भारी गिरावट आई। लेकिन नरेन्द्र मोदी के पहले भाजपा मुख्यालय में दिये उद्बोधन एवं गठबंधन दलों के साथ हुई बैठक में इन सवालों के जवाब काफी हद तक मिल गये, जिससे शेयर बाजार ने भी तेजी पकड़ी है एवं भाजपा एवं सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है।



देश एक बार फिर गठबंधन सरकारों के युग में प्रवेश कर रहा है। अब यह एक हकीकत है कि मौजूदा जनादेश के मद्देनजर गठबंधन सरकार बनाना भाजपा की मजबूरी हो गई है। निश्चित रूप से पूर्ण बहुमत के साथ सहयोगी दलों के साथ सरकार चलाने और अल्पमत में सहयोगी दलों के साथ सरकार चलाने में बड़ा फर्क है। सवाल उठाया जा रहा है कि पूर्ण बहुमत वाले दो कार्यकालों में देशहित के बड़े फैसले लेने वाली भाजपा क्या गठबंधन के सहयोगियों के दबाव के बीच शासन करने में खुद को सहज महसूस कर सकेगी? लेकिन मोदी के नेतृत्व में सरकार मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी और अपने संकल्पों एवं योजनाओं को आकार देगी, इसमें कोई संदेह नजर नहीं आती। देश में केंद्रीय स्तर 2009 के बाद पहली बार गठबंधन सरकार बनने जा रही है। अतीत में नरसिंह राव और अटल बिहारी वाजपेयी ने गठबंधन सरकारों का कुशलता से संचालन भी किया है और आवश्यक सुधारों को भी आगे बढ़ाया है। मनमोहन सिंह ने भी दस वर्ष तक गठबंधन सरकार का संचालन किया है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि उन्हें किस तरह कई बार सहयोगी दलों के अनुचित दबाव में झुकना पड़ा। अटल बिहारी वाजपेयी भी गठबंधन सरकार की चुनौतियों से जूझते रहे। लेकिन मोदी की स्थितियां भिन्न है, वे राजनीति के धुंरधर खिलाड़ी है, अमित शाह राजनीतिक जोड़ तोड़ के खिलाड़ी है, इसे देखते हुए भाजपा और उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार सफलतापूर्वक अपना काम कर सकेगी, ऐसा विश्वास है। न केवल सरकार बल्कि भाजपा के बड़े मुद्दों का भी क्रियान्वयन होगा। जब-जब भाजपा के सामने अनुचित राजनीतिक दबाव की स्थितियां बनेगी, सरकार कोई सार्थक रास्ता निकाल लेगी।

वैसे भी भाजपा बहुमत के आंकड़े से ज्यादा दूर नहीं है, इसलिए यह उम्मीद की जाती है कि तेलुगु देसम पार्टी, जनता दल-यू, शिवसेना समेत अन्य सहयोगी दलों के साथ उसके लिए सरकार चलाना कहीं अधिक आसान होगा। इसके बाद भी इतना तो है ही कि प्रधानमंत्री मोदी पहली बार गठबंधन सरकार का संचालन करेंगे। हालांकि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के तहत कार्य करने के कारण वह ऐसी सरकार के संचालन के तौर-तरीकों से अवगत हैं, लेकिन स्वयं उनके लिए ऐसी सरकार चलाना एक नया अनुभव होगा। लेकिन वे भाजपा संगठन में अनेक पदों पर रहते हुए संगठन की गतिविधियों के कुशल संचालन से भिज्ञ है। देश-विदेश के दबावों को झेलते हुए उन्होंने भारत को एक शक्ति के रूप में खड़ा किया है, दुनिया जब आर्थिक संकट झेल रही है, भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, निश्चित ही गठबंधन सरकार का उनका संचालन उनकी नेतृत्व क्षमता और सबको साथ लेकर चलने के राजनीतिक कौशल को एक नया आयाम देगी। उनके पास चुनौतियों के बीच देश की समस्याओं का समाधान करने की एक राजनीतिक दृष्टि एवं कौशल है। गठबंधन सरकारों के कुछ सकारात्मक पक्ष होते हैं तो कुछ नकारात्मक पक्ष भी। गठबंधन सरकारों का नेतृत्व करने वाले को घटक दलों से समन्वय के साथ चलना होता है। इसमें समस्या तब आती है, जब घटक दल अनुचित मांगें मनवाने लगते हैं अथवा सौदेबाजी करने की कोशिश करते हैं या फिर अपने संकीर्ण हितों की पूर्ति के लिए दबाव की राजनीति करने लगते हैं। इन स्थितियों की निबटने के लिये मोदी सरकार पहले ही अन्य निर्दलयी सांसदों एवं अन्य राजनीतिक दलों को अपने साथ जोड़ने का उपक्रम कर रही है। सहयोगी दल अनुचित मांग एवं दबाव की बजाय अपने राज्य के राजनीतिक एवं आर्थिक हितों की चिंता करें, लेकिन ऐसा करते समय उन्हें राष्ट्रीय हितों को ओझल नहीं करना चाहिए। यह उन्हें भी सुनिश्चित करना चाहिए कि गठबंधन सरकार सुगम तरीके से चले।

निश्चित ही मोदी सरकार के सामने चुनौतीपूर्ण स्थितियां हैं, जिस तरह महाभारत युद्ध में पांडवों के सामने जटिल स्थितियां थी। आज द्रोण नहीं तुष्टिकरण है, कृपाचार्य नहीं भ्रष्टाचार है, अश्वत्थामा नहीं आतंकवाद है, दुर्योधन नहीं महत्वाकांक्षा एवं अनैतिकता है, शकुनि नहीं आंतरिक और वैश्विक षड्यंत्र है, राष्ट्रवाद नहीं समस्त प्रकार की विघटनकारी शक्तियां-भाषावाद, क्षेत्रवाद, जातिवाद, सम्प्रदायवाद, स्वार्थवाद आदि हैं और कर्ण नहीं कट्टरवाद है। साथ में महंगाई, बेरोजगारी, असंतोष आदि की अत्यंत जटिल समस्याएं भी हैं और अब भारत इनमें फंसा हुआ है। फिर भी नरेन्द्र मोदी रूपी उजाला अपनी नई पारी में अधिक सशक्त होकर भारत के इन सभी चक्रव्यूह को भेदेगा। अपने राजनीतिक जीवन की सबसे सफलतम पारी खेलते हुए वह एक बार फिर नकारात्मक एवं अराष्ट्रवादी शक्तियों को उनकी जमीन दिखायेंगा।

# रोकनी होगी भोजन की बर्बादी



रमेश सर्राफ धमोरा

रोटी, कपड़ा और मकान मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं मानी जाती है। जिसके बिना मनुष्य का जीवन बहुत मुश्किल है। इसमें रोटी सबसे महत्वपूर्ण है। क्योंकि रोटी के बिना तो मनुष्य जिन्दा भी नहीं रह सकता है। खाद्य सुरक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित किया जाना है कि हर व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन मिल सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में हर दस में से एक व्यक्ति दूषित भोजन का सेवन करने से बीमार पड़ जाता है। जो कि सेहत के लिए एक बड़ा खतरा है। कोरोना महामारी के संक्रमण को देखते हुए इस बार विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस संक्षिप्त रूप में मनाया जाएगा। जिसमें लोगों को सेहत से जुड़े मुद्दों पर ऑनलाइन एक-दूसरे के साथ बातचीत करने का मौका मिलेगा। इस बार हम छठवां विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मना रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इससे खाद्य सुरक्षा लेकर लोगों में जागरुकता फैलाई जा सकती है और विश्व स्तर पर खाद्य पदार्थों से होने वाली बीमारियों को भी ध्यान में लाया जा सकता है। इस दिन को मनाने के पीछे खाद्य सुरक्षा के प्रति लोगो को जागरूक करने का उद्देश्य था। जो खराब भोजन का सेवन करने की वजह से गंभीर रोगों के शिकार बन जाते हैं।

भोजन की कमी व दूषित भोजन खाने से प्रतिवर्ष हजारों लोगों की जान चली जाती है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व स्वास्थ्य संगठन और खाद्य और कृषि संगठन को दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों का नेतृत्व करने और पौष्टिक खाने के प्रति लोगों को जागरुक करने की जिम्मेदारी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दिसंबर 2018 में पहली बार खाद्य और कृषि संगठन के सहयोग से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया था। इसके बाद पहली बार 7 जून 2019 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया गया था। तब से हर वर्ष 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में अपने मन की बात कार्यक्रम में देश की जनता से बात करते हुए लोगों से खाने की बर्बादी रोकने की अपील की थी। उन्होने कहा कि ऐसा करना गरीबों के साथ अन्याय व समाजद्रोह है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि आपने कभी सोचा है कि हम जो जूठन छोड़ देते हैं। उससे हम कितने गरीबों का पेट भर सकते है? उन्होने कहा था कि इस पर सामाजिक जागरूकता बढनी चाहिए।

भारत में अनाज को अन्नदेव का दर्जा प्राप्त है। यही कारण है कि हमारे देश में भोजन झूठा छोडना या उसका अनादर करना पाप माना जाता है। मगर आधुनिकता के चक्कर में हम अपने पुराने संस्कार भूल गए हैं। हमारे यहां शादियों, उत्सवों या त्यौहारो में होने वाली भोजन की बर्बादी से हम सब वाकिफ हैं। इसके उपरांत भी हम इन अवसरों पर ढेर सारा खाना कचरे में फेंक है। कई बार तो घरों के आसपास फेंके गए भोजन से उठने वाली दुर्गंध एवं सड़ांध वहां रहने वालों के लिए परेशानी खड़ी कर देती हैं। शादियों में खाने की बर्बादी को लेकर भारत सरकार भी चिंतित है। खाद्य मंत्रालय ने कहा है कि वह शादियों में मेहमानों की संख्या के साथ ही परोसे जाने वाले व्यंजनों की संख्या सीमित करने पर विचार कर रहा है। इस बारे में विवाह समारोह अधिनियम, 2006 कानून भी बनाया गया है। हालांकि इस कानून का कड़ाई से कहीं भी पालन नहीं किया जाता है।

भारत में हर वर्ष जितना भोजन तैयार होता है उसका एक तिहाई बर्बाद चला जाता है। बर्बाद जाने वाला भोजन इतना होता है कि उससे करोड़ो लोगों की खाने की जरूरत पूरी हो सकती है। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत में बढ़ती सम्पन्नता के साथ ही लोग खाने के प्रति असंवेदनशील हो रहे हैं। खर्च करने की क्षमता के साथ ही खाना फेंकने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। विश्व खाद्य संगठन के अनुसार देश में हर साल पचास हजार करोड़ रूपये का भोजन बर्बाद चला जाता है। एक ऑकलन के मुताबिक बर्बाद होने वाले भोजन की धनराशि से पांच करोड़ बच्चों की जिदगी संवारीं जा सकती है। विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य अपव्यय को रोके बिना खाद्य सुरक्षा सम्भव नहीं है। इस रिपोर्ट में वैश्विक खाद्य अपव्यय का अध्ययन पर्यावरणीय दृष्टिकोण से करते हुए बताया है कि भोजन के अपव्यय से जल,जमीन और जलवायु के साथ साथ जैव-विविधता पर भी बेहद नकारात्मक असर पड़ता है। रिपोर्ट के मुताबिक हमारी लापरवाही के कारण पैदा किए जाने वाले अनाज का एक तिहाई हिस्सा बर्बाद कर दिया जाता है। देश में एक तरफ करोड़ो लोग खाने को मोहताज है। वहीं लाखों टन खाना प्रतिदिन बर्बाद किया जा रहा है। हमारे देश में हर साल उतना गेहूं बर्बाद होता है, जितना आस्ट्रेलिया की कुल पैदावार है। नष्ट हुए गेहूं की कीमत लगभग 50 हजार करोड़ रुपये होती है और इससे 30 करोड़ लोगों को सालभर भरपेट खाना दिया जा सकता है। हमारे देश में 2.1 करोड़ टन अनाज केवल इसलिए बर्बाद हो जाता है। क्योंकि उसे रखने के लिए हमारे पास पर्याप्त भंडारण की सुविधा नहीं है। औसतन हर भारतीय एक साल में छह से 11 किलो अन्न बर्बाद करता है। साल में जितना सरकारी खरीदी का धान व गेहूं खुले में पड़े होने के कारण नष्ट हो जाता है। उतनी राशि से गांवो में पांच हजार वेयर हाउस बनाए जा सकते हैं। आजकल कई शहरो में समाजसेवी लोगो ने मिलकर रोटी बैंक बना रखा हैं। रोटी बैंक से जुड़े कार्यकर्ता शहर में घरो से व विभिन्न समारोह स्थलों से बचे हुये भोजन को एकत्रित कर जरूरत मंद गरीबों तक पहुंचाते हैं। इससे जहां भोजन की बर्बादी रुकती हैं वहीं जरूरतमंदों को भोजन भी उपलब्ध होता है। इस दिशा में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अभियान सोंचे, खाए और बचाए भी एक अच्छी पहल है। इसमें शामिल होकर की भोजन की बर्बादी रोकी जा सकती है। वर्तमान समय में समाज के सभी लोगों को मिलकर भोजन की बर्बादी रोकने के लिये सामाजिक चेतना लानी होगा। तभी भोजन की बर्बादी रोकने का अभियान सफल हो पायेगा।

खाने की बर्बादी रोकने की दिशा में देश में महिलाएं बहुत कुछ कर सकती हैं। महिलाओं को अपने घर के बच्चों में बचपन से यह आदत डालनी होगी कि जितनी भूख हो उतना ही खाना लो। एक-दूसरे से बांट कर खाना भी भोजन की बर्बादी को बड़ी हद तक रोक सकता है। भोजन की बर्बादी रोकने के लिए हमें अपनी आदतों को सुधारने की जरूरत है। धार्मिक लोगों एवं स्वयंसेवी संगठनों को भी इस दिशा में पहल करनी चाहिए।


**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# आहार-व्यवहार और विचार संतुलन से ही बचेगा पर्यावरण



अरुण कुमार दीक्षित

पूरे विश्व की जलवायु में परिवर्तन हो रहा है। विश्व के देश इसे लेकर चिंतित हैं। ग्लेशियर पिघल रहे हैं। नदियों में जल की मात्रा घट रही है। अनेक नदियां विलुप्त हो रही हैं। समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जलस्तर बढ़ने के कारण कई देशों में जल प्रलय के हालात बन सकते हैं। धरती गर्म हो रही है। तापमान बढ़ रहा है। इसी बढ़े तापमान को ग्लोबल वार्मिंग कहा जा रहा है। विश्व भर में गैसों की चर्चा में उनके उत्सर्जन में कमी लाने के लिए दुनिया के देशों में सम्मेलनों के निष्कर्ष रिपोर्टों से लक्ष्य तय कर रहे हैं। कई सम्मेलनों, राष्ट्राध्यक्षों, विदेश मंत्रियों के वक्तव्यों से पर्यावरणीय समस्याएं हल नहीं हो पा रही हैं। पर्यावरण को लेकर पूरी दुनिया के वैज्ञानिक चिंता जता रहे हैं। मगर चिंता के आधार पर कोई देश सकारात्मक कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। दूसरा विषय यह भी है, कि राजनीति और पत्रकारिता से जुड़े लोग पर्यावरण को मात्र विकास से जोड़कर देखते हैं।पर्यावरण में क्या प्रयास सही है जो करने योग्य है? अथवा क्या नहीं करने से पर्यावरण ठीक रहेगा? इसकी सटीक जानकारी ही नहीं है। राजनीतिक क्षेत्र से आने वाले लोगों को क्या चिंता पड़ी है कि यह जानें- पर्यावरण क्या है। कैसे पर्यावरण शुद्ध या अशुद्ध होता है। उनके सहायकों और अधिकारियों द्वारा कुछ इधर-उधर की सामग्री जुटाकर भाषण के लिए उपलब्ध कराई जाती है। भाषण से पर्यावरण कैसे ठीक होगा। भाषण से बैठक या रैली ठीक या खराब हो सकती है। पर्यावरणीय नफा-नुकसान राजनीति में बेमतलब है। पर्यावरण दिवस विश्व के 143 देश में मनाया गया। अंग्रेजी भाषा में पर्यावरण शब्द की उत्पत्ति फ्रांसीसी शब्द एनवायरमेंट से हुई है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 में भारत की संसद ने अधिनियमित किया था इसका मुख्य उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के निर्णय को लागू करना था। 5 जून 1973 को पर्यावरण संरक्षण के लिए विश्व स्तर पर राजनीतिक के साथ सामाजिक जागरूकता लाने हेतु इस दिवस की घोषणा की गई थी। 1992 में ब्राजील के रियो डी जेनीरियो में पृथ्वी सम्मेलन हुआ। विश्व के 174 देशों ने भागीदारी की दूसरा सम्मेलन जोहान्सबर्ग में हुआ था। भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों 48 अ जोड़ा गया और कहा गया कि राज्य के पर्यावरण और वनों वन्य जीवन की सुरक्षा के विकास के उपाय करेगा। साथ ही संविधान के मौलिक कर्तव्यों के आधार पर अनुच्छेद 51 ए जी में कहा गया कि वनों जिलों नदियों और वन्य जीवन की सुरक्षा विकास और सभी जीवों के प्रति सहानुभूति हर एक नागरिकता कर्तव्य होगा। नीति निर्देशक सिद्धांतों की कार्यवाही सरकारी भाग है। भारतीय अवधारणा है कि एक दैवीय तत्व होता है। उसे



हम सकारात्मक कहते हैं । वहीं दूसरा आसुरी तत्व होता है, जिसे हम नकारात्मक कहते हैं। जहां आसुरी शक्तियां हैं, वहां हमें सुरक्षा चाहिए। सुरक्षा कवच ही पर्यावरण है । इसे हम पर्यावरण कहते हैं। दुनिया के प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद में पर्यावरण को परिधि,आवरण, परिभू आदि नामों से कहा गया है। नारदीय सूक्त में है कि सृष्टि के पूर्व न सत था, न असत था, न लोक था, न आकाश, न उससे परे कुछ था, तब किसने हमें ढंक रखा था। आवरण क्या जल था? पर्यावरण में केवल पेड़-पौधे और वनस्पतियां ही आवश्यक नहीं है। हमारे विचार स्वच्छ हों। हमारा आहार ठीक हो। हमारा व्यवहार ठीक हो। हम अच्छा संगीत सुनें। भयंकर आवाज वाले आधुनिक डीजे व्याकुलता पैदा करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, औद्योगिक कारखानों का शोरगुल, उनसे निकलता घातक केमिकल, वाहनों की ध्वनि, धुआं, उनमें जलता लाखों-करोड़ों लीटर डीजल-पेट्रोल हमारे मन मस्तिष्क को ही कमजोर नहीं करता, अनेक जीवन निगल लेता है। यह आकाश में जाकर विचलन पैदा करता है। परम ऊर्जा को विनाश की ओर ले जाता है। परमाणु परीक्षण के विकिरण घातक हैं। यह सामान्य जन नहीं जानते। पहाड़ों का रहना कितना आवश्यक है, यह इंजीनियर नहीं जानते। जीव-जंतु घबराए हुए हैं। पहाड़ कांप रहे हैं। नदियां लगता है कि विदाई की ओर हैं । अब उनका कल-कल निनाद घट रहा है। आकाश से वायु पैदा होती है। वायु हमारे पर्यावरण की प्राण ऊर्जा है। इसलिए इसे प्राण वायु कहते हैं। इसी से जीवन है। श्वांस प्रतिश्वांस यही है। जिस तरह पृथ्वी और आकाश के बीच वायु का संचरण होता है, ठीक उसी तरह हमारे शरीर के भीतर भी प्राण ऊर्जा है। शरीर विज्ञानी इसे ही ऑक्सीजन कहते हैं । जब शरीर में प्राण वायु घटने लगती है, व्यक्ति थोड़ा मृत्यु की ओर बढ़ने लगता है। प्राण वायु समाप्त होते ही मृत्यु घटित हो जाती है। पृथ्वी और आकाश के बीच की प्राणवायु प्रदूषित हुई है। ग्रहों के बीच अंतरिक्ष से उत्पन्न होने वाला अनहद नाद डगमगा रहा है। लगता है मनुष्य की अभीप्साओं के कारण धरती की गंगा दुखी हैं। उदास है। प्रदूषित है। कचरा युक्त है। सौंदर्य विहीन होने की ओर अग्रसर है। इस तरह आकाश में स्थित आकाशगंगा भी व्यथित और उदास है। कारण दुनिया भर में प्रकृति के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। वनों को काटा जा रहा है। पहाड़ों को डायनामाइट से तोड़ने की दशकों पुरानी तकनीक जारी है। मछलियों और जलीय जीवों के जीवित रहने का अधिकार आधुनिक विज्ञान और मनुष्य छीन रहे हैं। कछुए खाए जा रहे हैं। गौवंश अपने जीवन को बचाने के लिए में संघर्षरत हैं। बैल विदाई की ओर हैं। कीट-पतंगे आधुनिक कीटनाशकों से निर्वाण को प्राप्त हो रहे हैं। गिद्ध अब दिखें तो शोध का विषय हो गए हैं कि क्यों दिखाई पड़े। आंगन की गौरैया परम तत्व से मिलकर विलीन होने वाली है। वह अब आंगन में स्नान करने और अपने गीत सुनाने नहीं आती। कोयल,पपीहा, कौवा के लिए अब देश हुआ विराना की स्थिति है सभी पक्षी उदास हैं ।अब मोर मयूर भी कम हो रहे हैं उनके प्रति आदर भाव घट रहा है वे अब सावन में भी कम दर्शन देते हैं।

मौलिक कर्तव्य का हिस्सा समाज की जिम्मेदारी में आता है। सरकार और नागरिक दोनों ने पर्यावरण जैसे गंभीर विषय से अपने को मजबूती से सम्बद्ध नहीं किया। विकास की बात पर जनता आकर्षित होती हैं। विचार नहीं करते कि हमारी प्राकृतिक संपदा, नदियां पहाड़ नैसर्गिक वन-वनस्पतियां नष्ट होने के नुकसान क्या है। नदियों पर बने बड़े बांधों पुलों का निर्माण हमें लाभ कम, नुकसान अधिक देता है। जिनके लिए बांध-पुल बनाते हैं उन्हें ही विस्थापित होना खतरनाक होता है। विस्थापित जनों की संस्कृति नष्ट हो जाती है। भूगोल बदल जाता है। जीवनदायी वनस्पतियां नष्ट हो जाती हैं। हमें यह विचार करना होगा कि ध्वंसात्मक विकास भारी आपदाओं की ओर धकेल रहा है। बाढ़ सूखा भूमि का बंजर होना, रेगिस्तान बन जाना, पहाड़ों का गिरना, बादलों का फटना, बादल फटने के साथ नगरों का बह जाना, जन-धन की हानि भी बड़े पैमाने पर होती है। पानी की कमी लगातार हो रही है। भारत के कई बड़े नगरों में पानी का संकट है। अब कम गहराई वाले सिंचाई के बोरिंग नल फेल हो रहे हैं। ऐसे में पर्यावरण दिवस मनाकर छोड़ देना आने वाला समय में हम सबके लिए घातक ही सिद्ध होगा।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

## संक्षिप्त खबर

### विकसित राजस्थान-2047 विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबन्धन संस्थान में गुरुवार को विकसित राजस्थान-2047 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला प्रमुख श्रीमती रमा चौपड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुई कार्यशाला में विकसित राजस्थान-2047 की रूपरेखा पर चर्चा हुई। कार्यशाला में कृषि एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं विकसित राजस्थान-2047 की कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया।जिला प्रमुख रमा चौपड़ा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए तारबन्दी-वृक्षारोपण, तालाब-नहर आदि पर दीर्घ आयु वाले वृक्षरोपण, नरेगा श्रमिकों को पौधरोपण योजना से जोडने, प्राकृतिक खेती को बढावा दिये जाने पर जोर दियासंयुक्त निदेशक राकेश कुमार पाटनी ने बताया कि कार्यशाला में कार्यशाला में किसानों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने कृषि उत्पादन में वृद्धि, कृषक कल्याण एवं आत्मनिर्भरता, प्रति इकाई लागत को कम किये जाने, कृषि, उद्यान, पशुपालन, डेयरी आदि में होने वाली चुनौतियों, समग्र कृषि क्षेत्र में विकास,पर्यावरण-जलवायु प्रदूषण आदि ज्वलंत बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, संरक्षित खेती, पशुपालन बून्द-बून्द सिंचाई, प्राकृतिक खेती, जैविक बीज, मृदा परीक्षण, कृषि उत्पाद प्रसंस्करण, बंजर जमीन को कृषि योग्य बनाने, विभिन्न गतिविधियों पर अनुदान, ईआरसीपी क्षेत्र, जिलों में उत्पादन, विपणन, प्रसंस्करण इकाइयों की कार्य योजना आदि के सुझाव प्राप्त हुए।कृषि आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी की मौजूदगी में आयोजित हुई कार्यशाला में कृषि एवं संबंध विभागों यथा उद्यान विभाग, राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, सहकारिता विभाग, कृषि विपणन विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र के जिला स्तरीय अधिकारियों, स्वयं सेवी संस्था, आदान विक्रेता, कृषक-उत्पादक संगठन, जनप्रतिनिधि एवं प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

### नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसदों को डोटासरा ने बधाई दी



**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद नव निर्वाचित कांग्रेस सांसद जयपुर पहुंचे। संजना जाटव और हरीशचंद्र मीणा, सीकर सांसद अमराराम, श्रीगंगानगर सांसद कुलदीप इंदौरा आदि सांसदों ने पीसीसी में डोटासरा से मुलाकात की। पीसीसी में अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा ने बधाई दी। सांसदों ने मुंह मीठा करवाया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को डोटासरा ने मिठाई खिलाई तो पीसीसी में तालियां गूंजी। हरीश मीणा ने दोनों को बधाई दी। गहलोत बेड पर थे, मिलने गए सांसद- पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत डॉक्टरी राय के अनुसार बेड रेस्ट पर है। नए सांसदों संजना जाटव, हरीशचंद्र मीणा ने उनसे मुलाकात की। गहलोत ने उनसे चर्चा की और बधाई दी।

### बच्चों से बातचीत करने के फायदे' थीम पर अभिभावक बैठकों का आयोजन



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अमावस्या तिथि पर अभिभावक बैठकों का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक भूपेश गर्ग ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की अमावस्या तिथि को थीम आधारित अभिभावक बैठकों का आयोजन आंगनबाडी केन्द्रों पर किया जाता है। इस माह की थीम 'बच्चों से बातचीत करने के फायदे' पर बैठकें आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि गुरूवार को नकटपुरा ग्राम पंचायत के दो केंद्रों नकटपुरा एवं मसूदपुर में आयोजित अभिभावक बैठकों में हिस्सा लिया गया एवं वहां उपस्थित बच्चों की माताओं व परिजनों से आंगनबाड़ी की सेवाओं पर बातचीत करते हुए थीम आधारित चर्चा की गई।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया पौधारोपण



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी राजकीय महाविद्यालय बाड़ी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. एम के सिंह द्वारा की गई। एन एस एस प्रभारी धर्मेंद्र मीणा के नेतृत्व मे पर्यावरण दिवस के अवसर परमहाविद्यालय प्रांगण मे कई तरह के वृक्ष लगाए गये। जिसमे पानी देने की जिम्मेदारी भी महाविद्यालय कर्मचारी को दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ एम के सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य न केवल वृक्ष लगाने का है बल्कि उसको पाल पोष कर बड़ा करके मजबूत स्थिति प्रदान करने का है। जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी दी गई है। इस मौके पर सहायक आचार्य गुमान सिंह, केशव यादव,पप्पू रावत, प्रभाव शर्मा, शशिकांत पाराशर, फरमान, विजेंद्रसिंह, सकील अहमद, महेंद्र, काजल परमार, विश्वेन्द्र, परवेज सहित स्टाफ रहा मौजूद।

## कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

# जिले में जल्द से जल्द हासिल हो पौधारोपण का लक्ष्य : जिला कलक्टर

➲ वन क्षेत्र से बाहर वृक्षारोपण सहित अन्य बिंदुओं पर हुआ मंथन





**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** कलक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित की अध्यक्षता में वन क्षेत्र से बाहर वृक्षारोपण के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा करवाये जाने वाले वृक्षारोपण पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर जयपुर एवं समिति अध्यक्ष प्रकाश राजपुरोहित ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, नगरीय निकायों, स्कूल शिक्षा विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को पौधरोपण लक्ष्यों को समय पर हासिल करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही पशुपालन विभाग के अधिकारियों को गौशालाओं में पौधारोपण करवाये जाने एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को माइनिंग लीज क्षेत्रों में नियमानुसार पौधे लगवाये जाने के निर्देश दिये। उप वन संरक्षक जयपुर उत्तर डी.पी जागावत ने बताया कि इस वर्ष वन विभाग द्वारा जयपुर शहर एवं जयपुर ग्रामीण जिलों में राजस्थान वन क्षेत्र से बाहर वृक्षारोपण योजना के तहत कुल 27 लाख 44 हजार 143 पौधे विभिन्न विभागों एवं आमजन में वितरित किये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को निश्चित समय सीमा के दौरान निर्धारित राशि जमा करवाकर वन विभाग की नर्सरियों से पौधे प्राप्त कर पौधारोपण सुनिश्चित करवाने का भी आ''ान किया। बैठक के अंत में डी.पी जागावत उप वन संरक्षक जयपुर उत्तर द्वारा जिला कलक्टर जयपुर एवं समस्त उपस्थित अधिकारियों को पौधा प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधारोपण का संदेश दिया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) राजकुमार कस्वां, उप वन संरक्षक (वन वर्धन) मनफूल बिश्नोई, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती सुनिता यादव सहित शिक्षा विभाग, नगर निगम, खनिज पशुपालन विभाग, जेडीए सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## हत्या का आरोपी गिरफ्तार, टॉप 10 मोस्ट वांटेड की सूची में था शुमार



**चमकता राजस्थान, जयपुर/चुरू (खलील कुरैशी)।** चूरू जिले की राजगढ़ थाना पुलिस की टीम ने ख्याली गांव निवासी 19 वर्षीय युवक अंकित नायक की हत्या के मामले में घटना के वक्त से फरार चल रहे आरोपी सुनील सिंह नायक पुत्र महावीर निवासी ख्याली को पिलानी कस्बे से दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया है।एसपी जय यादव ने बताया कि 26 नवंबर 2023 को ख्याली गांव निवासी दीपक नायक ने थाना राजगढ़ पर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसका चचेरा भाई अंकित व सुखदेव पुत्र राजकुमार गांव में बालाजी मंदिर से जागरण देखकर रात करीब 11:00 बजे घर लौट रहे थे।रास्ते में हरिराम मंदिर के पास घात लगाकर बैठे गांव के ही अनिल, सचिन, पवन, प्रकाश, संदीप व सुनील ने मोटरसाइकिल रुकवा कर उन्हें नीचे उतार लिया। इन सभी ने उसके भाई के साथ मारपीट की और बीयर की बोतल से अंकित के सिर पर वार कर भाग गये। गम्भीर घायल अंकित को इलाज के लिए वे चूरू लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई एसपी यादव ने बताया कि वांछित अपराधियों के लिए जिले में विशेष अभियान ऑपरेशन शिकंजा चलाया जा रहा है। राजगढ़ थाने के कांस्टेबल संदीप कुमार एवं मुकेश कुमार कि आसूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल व सीओ प्रशांत किरण के सुपरविजन में एसएचओ पुष्पेंद्र झाझडिया मय टीम द्वारा हत्या में वांछित आरोपी सुनील नायक का पीछा कर पिलानी कस्बे से गिरफ्तार कर लिया।

## दलित परिवार ने न्याय के लिए जिला कलेक्टर से लगाई गुहार



**चमकता राजस्थान**

**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** जिला कलेक्टर भरतपुर श्रीमान अमित यादव को दलित परिवार ने न्याय के लिए ज्ञापन के माध्यम से गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार ने बताया कि जाटव समाज पर किए गए जानलेवा हमला करने वाले मुख्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है मुख्य आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है पीड़ित परिवार पर जानलेवा के हमलावर के आरोपी पीड़ित परिवार पर राजीनामा का दबाव बना रहे हैं एवं जान से मारने की धमकी देते हैं दलित परिवार भय के साए में जी रहा है।गौरतलब है कि बीते दिनों सदर बयाना क्षेत्र के गांव अरौदा में गुर्जर समाज के लोगों द्वारा जाटव समाज के लोगों पर पुरानी रंजिश को लेकर जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर अवैध हथियार से फायरिंग की गई फायरिंग में दो व्यक्ति दीपक पुत्र झम्मन व पासवान पुत्र महेश के शरीर में गोली लगी थी। दोनों लोग पूरी तरह से घायल हो गए थे। उक्त घटना के संबंध में पीड़िता द्वारा पुलिस थाना सदर बयाना पर एफआईआर विभिन्न धाराओं में आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हथियार बरामद कर लिया तथा दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया लेकिन पीड़ित परिवार का कहना है की मुख्य आरोपियों को पुलिस प्रशासन ने आज तक गिरफ्तार नही किया है।जिसकी वजह से हमें अपनी जान का खतरा बना हुआ है। आरोपी पीड़ित परिवार से राजीनामा का दबाव बना रहे हैं। जिसकी वजह से पीड़ित परिवार गांव से पलायन करने को मजबूर हो रहा है। जिला कलेक्टर से पीड़ित परिवार ने न्याय सुरक्षा एवं राहत दिलाने की मांग की है।

## वृंदावन के पास गिरिराज जी महाराज के पहुंचा नीमकाथाना के श्रद्धालुओं का जत्था

### श्री गिरिराज जी महाराज भगवान स्वरूप है : मदनलाल



**चमकता राजस्थान**

**उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** नीमकाथाना से श्रद्धालुओं का जत्था उत्तर प्रदेश में वृंदावन के पास स्थित गोवर्धन आश्रम पहुंचा ' जहां देश-विदेश के बराबर गिरिराज जी महाराज की 7 कोसी परिक्रमा पदयात्रा के रूप में मनोकामना पूर्ण होने के लिए लाखों लोग परिक्रमा के लिए आते हैं ' और अपनी मनोकामना मांगते हैं ' ऐसे ही नीमकाथाना से ताराचंद झाझडिया की सानिध्य में सैकड़ो व्यापार मंडल नीमकाथाना के लोग गोवर्धन आश्रम पहुंचकर नारायण दास त्रिवेणी धाम के नाम से सीताराम धर्मशाला जहां पर सत्संग रामधुनी सैकड़ो माता बहनों श्रद्धालुओं द्वारा चालू रहती है वहां शामिल हुए ' गोवर्धन आश्रम से राष्ट्रीय सामाजिक जन चेतना मंच के अध्यक्ष एवं समाजसेवी मदनलाल भावरिया ने दूरभाष पर बताया कि जहां गिरिराज महाराज कलयुग में भगवान के स्वरूप हैं यहा एक परिक्रमा करने पर कई यज्ञों की सेवा का प्रतिफल मिल जाता है गिरिराज यात्रा में वीर तेजाजी छात्रावास नीमकाथाना के अध्यक्ष जगदीश जाखड़, विजय जाखड़, मदलाल भावरिया लोग गोवर्धन आश्रम पहुंचे हैं।

### कोटा पार्सल का समय परिवर्तन के लिए रेल महा प्रबंधक को लिखा पत्र

**चमकता राजस्थान, चौहमला (रमेश मोदी)।** बड़ौदा से कोटा के बीच संचालित की जा रही पार्सल सवारी गाड़ी का रतलाम से चलने का समय परिवर्तन करने के लिए, रेल महाप्रबंधक को पत्र लिखा, सामाजिक कार्यकर्ता गुलजार एच जिनवाला ने रेल महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे चर्च गेट मुम्बई को पत्र लिखकर मांग की है कि बड़ोदा से चलकर रतलाम के रास्ते कोटा जानेवाली पार्सल सवारी गाड़ी संख्या 19819 का रतलाम से चलने का समय पूर्व की तरह करने का अनुरोध किया है इसको रतलाम से शाम 4 बजे चलाया जाय जिससे रोजगार के लिए छोटे स्टेशनों से आने वाले मजदूर व अप डॉउनर्स समय से घर पहुच सके।,

## माध्यमिक बालिका आदर्श विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**चमकता राजस्थान**

**उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** कस्बा के माध्यमिक बालिका आदर्श विद्यामंदिर तथा श्रीमती मिश्री देवी सत्यनारायण खैराड़ी उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के प्रतिभावान विद्यार्थियों का गुरुवार को पुष्प माला, मेडल, साफ़ा तथा श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।कार्यक्रम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना से प्रारम्भ किया गयाजानकारी के अनुसार माध्यमिक बालिकाआदर्श विद्यामंदिर व श्रीमती मिश्री देवी सत्यनारायण खैराड़ी उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के टोपर विद्यार्थियों का कस्बा के केशव रायजी कि मोहल्ला, राजपूत मोहल्ला,सात बत्ती, गोशाला,जमात, चूंगी न तीन, जांगिड़ कोलोनी, पांच बत्ती, मुख्य बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, नई सब्जी मंडी, झुंझुनूं रोड़, घूम चक्कर, पुलिस थाना, पंचायत समिति मोड़, बस स्टैंड, मुख्य बाजार से होते हुए डेजे, रथ तथा कैम्पर से जोरदार झुलस निकाला गया। विद्या मंदिर में पहुंचने के पश्चात सभी प्रतिभाओं का विद्या मंदिर प्रबंधन द्वारा अभिनन्दन किया गया। दसवीं बोर्ड परीक्षा में हिताक्षी गुप्ता पुत्री हेरम्ब गुप्ता के 96%, माही शर्मा पुत्री गिरिराज शर्मा के 95.67%, खुशी शर्मा पुत्री महेश शर्मा के 95.33 % सहित श्रीमती मिश्री देवी सत्यनारायण खैराड़ी उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर उदयपुरवाटी के दसवीं बोर्ड परीक्षा में 93.83%अंक प्राप्त करने वाले भैया ध्रुव सिंह पुत्र मुकेश सिंह सहित अन्य सभी प्रतिभाओं का पुष्प माला, साफ़ा,व मेडल देकर सम्मान किया गया। भामाशाह स्व ताराचंद जी सोनी ,स्व जसवंत सिंह शेखावत तथा स्व वैद्य अरुण कुमार जी जोशी की धर्मपत्नियों का भी पुष्प





माला व श्रीफल देकर सम्मान किया गया ।इस अवसर पर अष्टमी ए ग्रेड वाले भैया बहिनों का भी सम्मान किया गया। अच्छा परीक्षा परिणाम रखने वाले आचार्य आचार्या दीदीयां, प्रधानाचार्य, प्रभारी का भी साफ़ा माला मेडल देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक श्री राम जीवन शाह, लक्ष्मी नारायण बड़ीवाल, अध्यक्ष ताराचंद मित्तल, व्यवस्थापक एडवोकेट रणवीर सिंह, उपाध्यक्ष, श्याम सुंदर डोकानियां, कोषाध्यक्ष रामबल्लभ खैराड़ी, सदस्य ललित जोशी, रामप्रताप पुलकित, पार्षद गोतम मारवाल, पूर्व प्रधानाचार्य रामेश्वर लाल वर्मा, श्रवण मारवाल, कैप्टन छोटूसिंह, सेवानिवृत्त आर्मी जवान रामसिंह शेखावत, सुभाष हरलाल का, सहित आठवीं, दसवीं बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों के अभिभावकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम को ताराचंद मित्तल, लक्ष्मी नारायण बड़ीवाल, रणवीर सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य रामेश्वर लाल वर्मा,श्रवण मारवाल आदि ने सम्बोधित किया। प्रधानाचार्य महिपाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिशु वाटिका विभाग के प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा ने किया।

# डॉ किरोड़ी लाल मीणा के लिए पद नही उनके सिद्धांत, व्यक्तित्व और उनका संघर्ष जनता के लिए शिरोधार: रविंद्र मीणा सिनपिनी

**चमकता राजस्थान**

**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** रविन्द्र सिनपिनी कहा हँसना आता है मुझे, मुझसे ग़म की बात नहीं होती. मेरी बातों में मज़ाक होता है मेरी हर बात मज़ाक नहीं होती। पद सिर्फ संबोधन के लिए होता है, इज्जत पाने के लिए काबिल बनना पड़ता है। पद छोड़ना, इस्तीफा देना डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के लिए ना तो इसमें कुछ नया हैं ना अजब है, जो डॉ.साहब को करीब से जानते हैं, उनके साथ जीवन जिया है वे बहुत बेहतर ढंग से इस बात को समझते हैं कि वो पद छोड़ देने में लेश मात्र भी संकोच नहीं करेंगे, उनके लिए पद से बड़ा उनका कद हैं, वो पद छोटा स्वीकार कर लेंगे या बिना पद के रह लेंगे लेकिन कद के साथ समझौता नहीं करेंगे।आलोचना या विरोध का लोकतंत्र में हमेशा स्वागत है लेकिन स्तर बरकरार रहना चाहिए,निम्न स्तरीय टिप्पणी इतने बड़े व्यक्ति के लिए नहीं होनी चाहिए, बड़े से मेरा तात्पर्य पद से कभी नहीं रहा, उन्हें परखने का पैमाना और कसौटी पद नहीं उनके सिद्धांत, व्यक्तित्व, समर्पण और उनका संघर्ष हैं, अगर कोई किरोड़ी लाल मीणा जी का आकलन या मूल्यांकन पद से या चुनाव की हार जीत से कर रहा है तो ये बड़ी चूक हैं।वो अलग बात है कि ये दौर अलग लोगों का हैं, बेजमीर लोगों का राजनीति और समाज में बहुमत हैं, अंधो की बस्ती में कोई आंखों वाला चले जाए तो वे उसे बर्दाश्त नहीं कर पायेंगे यहीं उनके साथ हो रहा है,मैं सत्ता वाली पार्टी का भी समर्थक नहीं हूं लेकिन विपक्षी की एक पार्टी जो अभी भी केवल 99 सीट ही जीत पाई है उसका अहंकार देखिए कि ऑफिशियल हैंडल से किरोड़ी लाल से इस्तीफा मांग रहे हैं। सच तो ये है कि बाबा की खुद की पार्टी में उनको कद के योग्य महत्व और सम्मान दिया गया होता तो तुम्हें ये ट्रोल करने का मौका कभी नहीं मिलता, लोगों की नाराजगी की वजह भी कहीं न कहीं उनके सम्मान का प्रश्न ही हैं, इसलिए अति अहंकार अच्छी बात



नहीं है, रहीं बात इस्तीफे की तो तुम्हें पांच साल सारे पूर्वज याद दिलाने वाले शख्स को तुम उनका खुद का वचन याद दिलाने के योग्य नहीं हो अभी।सोशल मीडिया के नेताओं को यह कह देना चाहता हूं।बाबा हैं तो मुमकिन है। बाबा को अपने दम पर राजनिति करते हुए 40 साल से ज्यादा समय हो चुका है लेकिन किसी के आगे नतमस्तक होते हुए, राजनीती नही की। बाबा वहा जरूर बोलते हैं जहा पर हर कोई नेता बोलने से डरता हो और अपने काम को आसान करता हो। बाबा के खून में डर नाम की कोई चीज़ ही नहीं हैं जो किसी के आगे झुकना पड़े और काम नही हो तो टेडी उंगली से भी निकलना बखूबी जानते हैं। बाबा की बराबरी करना, मतलब समझो , बहुत से कार्यों का त्याग, बहुत से आंदोलन, वो भी सफ़ल, अनेकों सरकारी विभागों के आला अधिकारियों से रोज रोज माथा ठनका काम निकालना, पीड़ित व्यक्ति की हर संभव मदद करना, बहन बेटियों, महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए उनको अत्याचार होने पर न्याय दिलाना, कानून से लड़ना, गरीब आदमी की सेवा, इत्यादि।

मतलब साफ है राजस्थान की धरती माता पर शायद ऐसा कोई काम नही हैं जिसमें बाबा ने मदद नही की हो और पीड़ित व्यक्ति के साथ खड़े होकर उनको भरोसा दिलाया तो उनको न्याय की उम्मीद हुई और न्याय भी मिला। कुल मिलाकर बात यहीं है डॉक्टर साहब के पदचिन्हों पर चलकर आगे की भी व्यक्ति नेता बने और राजनीती में आए तो वो बहुत आगे जा सकता है और अगर बेईमानी, चुगलखोरी, घृणा, भड़कानेवाला, दोगलापन इस प्रकार की भावनाओ को लेकर राजनीती की तो वो ज्यादा दिन टिकेगा नही राजनीती में और एक दिन सब कुछ बर्बाद होने की नोबत आ जायेगी। बाबा आप महान क्रान्तिकारी आन्दोलन करने वाले योद्धा हो आपकी बराबरी कोई मां का लाल नही कर सकता। सुनने में तो आ रहा है की कुछ भ्रष्टाचारी लोग जिन्होंने भ्रष्टाचार किया रिश्वतखोर दलाली की है उनकी नींद हराम हो रही हैं कि बाबा इस्तीफा नहीं दें। क्योंकि सरकार की खुफिया एजेंसी से भ्रष्टाचारी बच सकते हैं पर बाबा की खुफिया एजेंसी से नहीं बच सकते हैं।




# मोदी - 3.0

# मैं, नरेंद्र दामोदर दास मोदी....

नयी दिल्ली/एजेंसी

लोकसभा चुनाव का परिणाम बीते मंगलवार (4 जून) को आ गया है, जिसमें एनडीए की सरकार को 292 सीटें मिली तो वहीं, दूसरी ओर इंडिया गठबंधन को 234 सीटें मिली है।भाजपा को अकेले दम पर तो बहुमत नहीं मिला है लेकिन सहयोगी दलों की मदद के साथ पीएम मोदी तीसरी बार दश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

## कब है मोदी का शपथ ग्रहण समारोह

» एनडीए की तरफ से सर्वसम्मति से नरेन्द्र मोदी को अपना नेता चुन लिया गया है, इसके साथ ही सरकार गठन और शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख 8 जून से बदलकर अब 9 जून हो गई है। 9 जून को कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक बार फिर से पीएम पद के लिए शपथ लेंगे और देश की बागडोर को संभालेंगे।

## शपथ ग्रहण में मोदी ने किसे बुलाया

» श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के कार्यालय के मीडिया प्रभाग ने बताया कि मोदी ने उन्हें शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया है। मोदी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से भी फोन पर बातचीत की है। राजनयिक सूत्रों ने बताया कि फोन पर बातचीत के दौरान मोदी ने हसीना को अपने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया। सूत्रों ने बताया कि नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ को भी मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। मोदी ने 'प्रचंड' से भी फोन पर बातचीत की है।

## कहां होगा शपथ ग्रहण समारोह?

» सूत्रों की माने तो 9 जून को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट में होने की संभावना है, यही पर मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का शपथ ग्रहण समारोह होगा। शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसको लेकर राष्ट्रपति भवन में बैठकों का दौर लगातार जारी है। अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पांच पुलिसकर्मियों को 'कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ' के अवार्ड से सम्मानित

## जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने सर्वोत्तम पुलिस सेवा को अंजाम देने वाले पुलिस कर्मियों की हौसला अफजाई



चमकता राजस्थान

जयपुर । जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरूवार को पुलिस आयुक्तालय में उत्कृष्ट, सराहनीय, मेहनत, लगन एवं समर्पण से कार्य करने वाले पांच पुलिसकर्मियों को ₹कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ₹ के अवार्ड से सम्मानित किया। आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस का ध्येय वाक्य आमजन में विश्वास- अपराधियों में भय की भावना जनता में साकार हो इसके लिए जयपुर पुलिस लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ पुरस्कार से पुलिसकर्मियों के मनोबल में बढोतरी के साथ-साथ पुलिसकर्मी बेहतर व सराहनीय कार्य करने के प्रेरित होंगे। कानिस्टेबल ऑफ दी मंथ अवार्ड की शुरूवात मार्च माह से की गयी थी। जिला पश्चिम के ममता जाट कानि० 11491 साईबर सैल, पश्चिम जयपुर नें परिवादी के साथ साईबर ठगी होने पर कड़ी मेहनत कर परिवादी के रूपये रूकवाये तथा कानूनी कार्यवाही कर परिवादी के खाते में रिफण्ड कराने का विशेष कार्य किया। जिला उत्तर के विजय कुमार कानि. 10032 पुलिस थाना माणक चौक के द्वारा फर्जी पुलिसकर्मी बनकर शहरवासियों के साथ ठगी करने वाली ईरानी गैंग को गिरफ्तार करवाने में विशेष योगदान दिया। जिला पूर्व के गौरव सोलंकी कानि. 9931 कार्यालय तकनीकी शाखा, पूर्व जयपुर के द्वारा मजदूरी हेतु आये दम्पती का 9 माह का बच्चा अपहरण होने पर अपहृत बालक को कड़ी मेहनत कर तकनीकी सहायता से दस्तयाब करवाने का विशेष सराहनीय कार्य किया। मनोज कुमार कानि. 4460 यातायात शाखा के द्वारा हज यात्रा ड्यूटी के बाद घर जाते समय टोंक पाटक के पास दो व्यक्ति रोड पर दुर्घटनाग्रस्त होकर पड़े थे जिनको ऑटो रिक्शा से एस.एम.एस. अस्पताल ट्रोमा सेन्टर में भर्ती करवा कर परिजनों को सूचित कर अस्पताल बुलाने का सराहनीय कार्य किया।

# जयपुर ग्रामीण से भाजपा सांसद राव राजेन्द्र को विजयी बनाने में झोटवाड़ा मण्डल पूरब ने दिया अहम योगदान



चमकता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण लोकसभा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह की जीत में भाजपा झोटवाड़ा मंडल पूरब का महत्वपूर्ण योगदान रहा भाजपा मंडल झोटवाड़ा पूरब से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को 12925 वोटो की लीड दिलवाई। मंडल अध्यक्ष शंकर यादव एवम मंडल की समस्त कार्यकारनी सहित सभी शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, मोर्चों के अध्यक्ष व सभी कार्यकृताओ एवम मतदाताओं को कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर विधायक झोटवाड़ा एवम कैबिनेट मंत्री ने धन्यवाद दिया। भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान सभी कार्यकर्ताओं को कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष शंकर यादव ने भी धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। भारतीय जनता पार्टी के समस्त मंडल के कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं भविष्य में भी दिन रात एक कर भारतीय जनता पार्टी और मोदी जी के विजन को हम सब मिलकर आगे इसी प्रकार से कार्य निरंतर करते रहेंगे।

# नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की कार का दौसा एक्सीडेंट, एयरबैग खुलने से बाल-बाल बचे

## अचानक सामने से नील गाय के आने से हुआ हादसा, हाथ में फ्रेक्चर





चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेसनेता टीकाराम जूली बुधवार रात सड़क हादसे में घायल हो गए। उनकी गाड़ी एक नील गाय से टकरा गई जिसके बाद ये हादसा हुआ। हादसे में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। उनके हाथ में फ्रेक्चर की खबर है।नेता प्रतिपक्ष के हादसे की सूचना मिलने के बाद दौसा से नवनिर्वाचित सांसद मुरारीलाल मीना सहित कई कांग्रेसी नेता भी जिला अस्पताल में पहुंचकर उनका हालचाल जाना। पुलिस के अनुसार हादसे के वक्त नेता प्रतिपक्ष के साथ कार में बहरोड़ से पूर्व विधायक बलजीत यादव भी साथ में मौजूद थे। दरअसल, अलवर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग में बुधवार को पूर्व विधायक बलजीत यादव ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी। ऐसे में मीटिंग के बाद नेता प्रतिपक्ष जूली पूर्व विधायक बलजीत यादव के साथ अलवर से वाया दौसा जयपुर जा रहे थे। दौसा के सदर थाना प्रभारी सोहन लाल ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष की गाड़ी का हादसा रोड पर नीलगाय के आने से हुआ है। जिस वक्त हादसा हुआ, उस दौरान बहरोड़ से पूर्व विधायक बलजीत यादव सहित कुछ कांग्रेस नेता भी नेता प्रतिपक्ष जूली के साथ गाड़ी में मौजूद थे, लेकिन उन्हें चोट नहीं आई है। वहीं नेता प्रतिपक्ष को हादसे के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार किया गया। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद कार के एयरबैग खुलने से कार में सवार नेता प्रतिपक्ष जूली सहित बहरोड़ से पूर्व विधायक बलजीत यादव और अन्य नेता बाल-बाल बच गए।कार के आगे आ गई नीलगाय नेशनल हाइवे 21 से जयपुर जाते समय जिले के सदर थाना क्षेत्र के भांडारेज के पास नेता प्रतिपक्ष की गाड़ी के आगे अचानक से नील गाय आ गई। ऐसे में अचानक से नील गाय रोड पर आने से चालक संतुलन खो बैठा जिससे नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

# यूपी में कांग्रेस की जीत पर प्रियंका ने जनता और कार्यकर्ताओं का किया धन्यवाद

## बोलीं- 'मुकदमों, जेल से डरकर भागे कई नेता, आपने दिखाई हिम्मत..





पटना/एजेंसी

कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी के प्रदर्शन के लिए जनता और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए गुरुवार को कहा कि अवाम ने आज की राजनीति में एक पुराना आदर्श फिर से स्थापित किया है। प्रियंका ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए गए संदेश में कहा कि उप्र कांग्रेस के मेरे सभी साथियों को मेरा सलाम। मैंने आपको धूप और धूल में कड़ी मेहनत करते हुए देखा, आप झुके नहीं, आप रुके नहीं, कठिन से कठिन दौर में आपने लड़ने की हिम्मत दिखाई। आपको प्रताड़ित किया गया, आप पर फर्जी मुक़दमे लगाये गये, जेल में डाला गया, बार-बार नज़रबंद किया गया, मगर आप डरे नहीं। कई नेता डर के चले गये, आप टिके रहे। उन्होंने इसी संदेश में कहा कि मुझे गर्व है आप पर और उत्तर प्रदेश की जागरूक जनता पर, जिसने इस देश की गहराई और सच्चाई को समझा और हमारे संविधान को बचाने का ठोस संदेश पूरे भारत को दिया।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस महासचिव ने आगे कहा कि आपने आज की राजनीति में एक पुराना आदर्श फिर से स्थापित किया है कि जनता के मुद्दे सर्वोपरि हैं, इनको नकारने की कीमत भारी होती है। चुनाव जनता का है, जनता ही लड़ती है, जनता ही जीतती है। कांग्रेस ने पिछले दिनों संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में 17 सीट पर चुनाव लड़ा था जिनमें से उसे 6 सीट पर कामयाबी मिली जबकि 11 पर वह दूसरे स्थान पर रही। वर्ष 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में मात्र एक सीट जीतने वाली कांग्रेस के लिए इस बार के नतीजे बड़ी कामयाबी के तौर पर देखे जा रहे हैं।

# रोहित शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किए 600 छक्के



**न्यूयॉर्क। एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 600 छक्के पूरे कर लिए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि बुधवार को आईसीसी टी 20 विश्व कप 2024 में आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान हासिल की। रोहित ने 140.54 की स्ट्राइक रेट से 37 गेंदों पर 52 रन बनाए। उन्होंने बुधवार को न्यूयॉर्क में 4 चौके और 3 छक्के लगाए, इन तीन छक्कों के साथ ही रोहित ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 छक्के पूरे कर लिए। हालांकि, चोट लगने के कारण उनकी पारी छोटी रह गई और 10वें ओवर के बाद उन्हें क्रीज छोड़नी पड़ी। इस मैच के दौरान, सलामी बल्लेबाज विराट कोहली के बाद तीनों प्रारूपों में 4000 रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी भी बने। 37 वर्षीय ने टी 20 विश्व कप 2024 में आयरलैंड के खिलाफ अपनी शानदार पारी के बाद टी 20 आई में 4000 रन भी पूरे किए। वर्तमान में, टी 20 आई में, उनके नाम 144 मैचों में 32.20 की औसत और 139.98 की स्ट्राइक रेट से 4026 रन हैं। उन्होंने 20 ओवर के प्रारूप में पांच शतक और 30 अर्द्धशतक भी लगाए। रोहित के नाम टेस्ट में 4137 रन, वनडे में 10, 709 रन और टी 20 आई में 4001 रन हैं। दूसरी ओर, कोहली के नाम टेस्ट में 8848 रन, वनडे में 13, 848 रन और टी 20 आई में 4038 रन हैं। इस मैच में रोहित ने टी20 विश्व कप में 1000 रन भी पूरे किए। फिलहाल, टी20 विश्व कप में रोहित ने 40 मैचों और 37 पारियों में 36.25 की औसत और 128.48 की स्ट्राइक रेट से 1015 रन बनाए हैं। वह इस बड़े इवेंट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं।

मैच की बात करें तो, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का विकल्प चुना। भारतीय गेंदबाजों ने शुरूआत से ही आयरिश बल्लेबाजों पर दबाव बनाया और आयरलैंड की टीम ने केवल 50 रनों पर 8 विकेट खो दिये। यहां से गेराथ डेलानी (14 गेंदों में 26 रन, दो चौके और दो छक्के) और जोशुआ लिटिल (13 गेंदों में 14 रन, दो चौके) ने शानदार बल्लेबाजी कर आयरलैंड को 16 ओवर में 96 रनों के कुल स्कोर तक पहुंचा दिया। भारत के लिए हार्दिक पांड्या ने 3, अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह ने 2-2, मोहम्मद सिराज व अक्षर पटेल ने 1-1 विकेट लिया।

# फ्रेंच ओपन 2024: अलेक्जेंडर ज्वेरेव लगातार चौथे साल सेमीफाइनल में

**पेरिस। एजेंसी**

वश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने 11वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर पर 6-4, 7-6(5), 6-4 से जीत के बाद लगातार चौथे साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पहले सेट में ब्रेक एडवांटेज गंवाने के बाद ज्वेरेव ने वापसी की और पहला सेट जीत लिया। इसके बाद उन्होंने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मैच पर नियंत्रण कर लिया।



इसके बाद ज्वेरेव ने तीसरे सेट में फ्रंट-फुट टेनिस खेला, 5-3 पर मैच में सर्विस गंवाने के बाद वापसी की और अगले गेम में डी मिनौर की सर्विस तोड़कर दो घंटे और 59 मिनट के बाद जीत हासिल की। एटीपी के हवाले से ज्वेरेव ने कहा मेरी सोच है कि सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने के लिए आपको बाकी सभी से ज्यादा मेहनत करनी होगी और मुझे लगता है कि सभी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ऐसा ही कर रहे हैं।

एटीपी रैंकिंग में चौथे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव ने अपने पिछले 11 मैच जीते हैं, जिसमें पिछले महीने रोम में उनका छठा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब भी शामिल है। ज्वेरेव शुक्रवार को सेमीफाइनल में कैस्पर रूड का सामना करेंगे, जहां वे अपनी जीत की लय को 12 मैचों तक बढ़ाना चाहेंगे। रूड को अपने क्वार्टर-फाइनल मैच के लिए नोवाक जोकोविच से वॉकओवर मिला।

ज्वेरेव ने कहा मेरे लिए, मैं अपनी सीमा तक काम करना पसंद करता हूं और अगर मैं ऐसा करता हूं, तो पांच सेट खेलना इतना मुश्किल नहीं है। मैं पिछले कई सालों से ऐसा कर रहा हूं और मुझे खुशी है कि इसका फायदा मिल रहा है। मैं एक और सेमीफाइनल में पहुंचकर खुश हूं। ज्वेरेव का रोलांड गैरोस में 33-8 का रिकॉर्ड है, जहाँ वह लगातार अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं।

हालांकि, 27 वर्षीय ज्वेरेव कभी भी इस इवेंट में खिताबी मुकाबले तक नहीं पहुंच पाए और 2022 में पेरिस में उन्हें एक भयावह झटका लगा, जब राफेल नडाल के खिलाफ अपने सेमीफाइनल में उन्हें टखने में लंबे समय तक चोट लगी। दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ने इस सप्ताह की शुरूआत में टैलोन ग्रीक्सपूर और होल्गर रून को पांच सेटों में हराया। उन्होंने पहले दौर में 14 बार के रिकॉर्ड धारक राफेल नडाल और दूसरे दौर में पूर्व विश्व नंबर 7 डेविड गोफि न को भी हराया।

## एंड्रीवा ने किया उलटफेर, सबालेंका को हराया



**पेरिस।** रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा ने बुधवार को दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। इसी के साथ वह 1997 के बाद से सबसे कम उम्र की ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट बन गईं हैं। हालांकि मैच के दौरान सबालेंका अस्वस्थ थीं, बावजूद इसके उन्होंने मैच में कड़ी चुनौती पेश की। 17 वर्षीय एंड्रीवा ने सबालेंका के खिलाफ एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दो घंटे 29 मिनट तक चले मुकाबले में 6-7 (5/7), 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की और अंतिम चार में जगह बनाई जहां उनका सामना इटली की जैस्मीन पाओलिनी से होगा। 17 वर्ष और 29 दिन की एंड्रीवा, 27 वर्ष पहले यूएस ओपन में मार्टिना हिंगिस के बाद किसी प्रमुख प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की महिला हैं। इसके अलावा वह 1997 में हिंगिस के बाद रोलांड गैरोस में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की महिला भी हैं। मैच जीतने के बाद अपने ऑनकोर्ट साक्षात्कार में एंड्रीवा ने कहा ईमानदारी से कहूं तो मैं मैच से पहले बहुत घबराई हुई थी, मुझे पता था कि सबालेंका को फायदा होगा। इससे पहले एंड्रीवा दो बार सबालेंका से भिड़ी थीं और दोनों ही बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

## बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी पुरुष युगल के सेमीफाइनल में



**पेरिस।** रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने गुरुवार को फ्रेंच ओपन 2024 के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। गुरुवार को कोर्ट सुजैन लेंग्लेन में बोपन्ना-एबडेन ने सैंडर गिल और जोरन व्लिगेन की बेल्जियम की जोड़ी के खिलाफ 7-6(3), 5-7, 6-1 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एबडेन ने पहला सेट 7-6 से जीता लेकिन इसके बाद गिल और जोरन ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 7-5 से जीत लिया और मैच को तीसरे सेट में ले गए। हालांकि, तीसरे सेट में बोपन्ना-एबडेन ने अपना जादू चलाया और जल्दी ही ब्रेक-अप कर दिया तथा तीसरा सेट 6-1 से जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। सेमीफाइनल में बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी का सामना 11वीं वरीयता प्राप्त इतालवी जोड़ी सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी से होगा। बोपन्ना-एबडेन ने इससे पहले इस वर्ष के ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में भी बोलेली और एंड्रिया का सामना किया था। ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल मुकाबले में रोहन-एबडेन की जोड़ी ने बोलेली और वावसोरी को 7-6 (0), 7-5 से हराकर खिताब अपने नाम किया था।

## एक नजर

### यूरो कप 2024 से पहले फ्रांस ने मैत्री मैच में लक्जमबर्ग को 3-0 से हराया



**मेट्ज।** फ्रांस ने बुधवार को एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में लक्जमबर्ग को 3-0 से हराकर यूरोपीय चैम्पियनशिप के लिए अपनी तैयारियों को मजबूती प्रदान की। मैच के 43वें मिनट में रैंडल कोलो मुआनी ने किलियन एमबाप्पे के पास पर हेडर के जरिये गोल कर फ्रांस को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद दूसरे हाफ में मार्सिले के डिफेंडर जोनाथन क्लॉस ने 70वें मिनट में एक तेज गोल करके अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। एमबाप्पे, जिनके मैड्रिड में शामिल होने की पुष्टि सोमवार को हुई, लक्जमबर्ग के कड़ी मेहनत करने वाले डिफेंडरों के लिए लगातार खतरा बने हुए थे, लेकिन फ्रांस के कप्तान को अपने प्रदर्शन को गोल में बदलने के लिए 85वें मिनट तक इंतजार करना पड़ा। एमबाप्पे ने ब्रैडली बारकोला के पास पर बाएं ओर से गेंद पोस्ट में डालकर फ्रांस की बढ़त 3-0 कर दी और यही स्कोर अंत में निर्णायक साबित हुआ। फ्रांस की टीम रविवार को बोर्डो में कनाडा से भिड़ेगी और इसके बाद 17 जून को डसेलडोर्फ में ऑस्ट्रिया के खिलाफ यूरो 2024 का अपना पहला मैच खेलेगी।

### लॉरेन डाउन की न्यूजीलैंड टीम में वापसी

**वेलिंगटन।** पहली बार मां बनने के कारण क्रिकेट से ब्रेक लेने के बाद लॉरेन डाउन की न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम में वापसी हो गई है। फरवरी 2023 में टी20 विश्व कप में आखिरी बार खेलने वाली डाउन को न्यूजीलैंड के आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए वनडे टीम में शामिल किया गया है। मिकाएला ग्रेग को वनडे और टी20 दोनों मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है, जबकि तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड ए के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, दोनों प्रारूपों में शामिल हैं। इस बीच, तेज गेंदबाज रोजमेरी मैयर पीठ की समस्या के कारण सीरीज से बाहर हो गई हैं।

### इंग्लैंड की यूरो 2024 टीम से बाहर हुए जेम्स मैडिसन

**लंदन।** जेम्स मैडिसन को जर्मनी में होने वाले आगामी यूरो 2024 के लिए इंग्लैंड की टीम से बाहर कर दिया गया है। हेड कोच गैरेथ साउथगेट अपनी 33 खिलाड़ियों वाली प्रोविजनल टीम को घटाकर 26 करेंगे। इन 26 खिलाड़ियों के चयन के लिए इंग्लैंड के पास शुक्रवार तक का समय है। स्काई स्पोर्ट्स के अनुसार 27 वर्षीय मैडिसन टीम से बाहर किए जाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। कतर में होने वाले 2022 विश्व कप में वह इंग्लैंड की 26 खिलाड़ियों वाली टीम का हिस्सा थे। हालांकि, मैडिसन ने टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल चरण तक इंग्लैंड के सफर के दौरान एक भी मैच नहीं खेला। वह पिछले महीने के अंत में घोषित की गई 33 खिलाड़ियों की प्रारंभिक अनंतिम टीम का हिस्सा थे। मैडिसन इंग्लैंड की टीम में जगह बनाने से चूकने वाले एकमात्र स्टार खिलाड़ी नहीं हैं। कुशल फॉरवर्ड मार्कस रैशफोर्ड और साउथगेट के भरोसेमंद मिडफील्डर जॉर्डन हेंडरसन भी इंग्लैंड की टीम में जगह नहीं बना पाए। रैशफोर्ड साउथगेट के नेतृत्व में इंग्लैंड के एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें 2018 और 2022 में दो पिछले विश्व कप टीमों में नामित किया गया है। वह 2021 में इंग्लैंड की आखिरी यूरो टीम का भी हिस्सा थे। हालाँकि, हाल ही में समाप्त हुए प्रीमियर लीग सीजन में, 26 वर्षीय खिलाड़ी ने सिर्फ.सात गोल किए। रैशफोर्ड के साथ, हेंडरसन ने भी उपरोक्त तीन टूर्नामेंटों में भाग लिया। हालाँकि, उनका एक ऐसा सीजन था जिसमें लिवरपूल से सऊदी प्रो लीग की टीम अल एत्तिफाक में जाने के बाद उनकी काफी आलोचना हुई थी।

# भारत के पास न्यूयॉर्क की चुनौतीपूर्ण पिच से निपटने का अनुभव: विक्रम

**न्यूयॉर्क। एजेंसी**

बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने कहा कि भारत के पास नासाउ काउंटी मैदान की चुनौतीपूर्ण पिच से निपटने के लिए पर्याप्त अनुभव और कौशल है, जिसकी असमान उछाल ने चिंता पैदा कर दी है। हालांकि, राठौर ने यह भी माना कि ऐसी परिस्थितियों में टॉस महत्वपूर्ण हो जाता है। बुधवार को टी20 विश्व कप के पहले मैच में आयरलैंड के खिलाफ भारत की आठ विकेट की जीत के दौरान जोश लिटिल की गेंद पर कप्तान रोहित शर्मा के दाएं हाथ की बाइसेप पर चोट लगी, जिसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा।




ऋषभ पंत को भी अपनी नाबाद 36 रन की पारी के दौरान बायीं कोहनी पर चोट लगी थी, जो इस बात का एक और संकेत था कि पिच में असमान उछाल और परिवर्तनशील गति है। राठौर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ₹हम नियंत्रण में रहने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक चुनौतीपूर्ण विकेट था और हम ऐसे विकेट की उम्मीद कर रहे थे क्योंकि हमने यहां अभ्यास मैच खेला था, इसलिए हमें पता था कि क्या उम्मीद करनी है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा हमें इससे निपटने का तरीका खोजने की जरूरत है और हमारी टीम में इससे निपटने के लिए पर्याप्त कौशल और पर्याप्त अनुभव है। उन्होंने यह स्वीकार किया कि ऐसी परिस्थितियों में टॉस जीतना महत्वपूर्ण हो जाता है, लेकिन वह पहली पारी में अच्छे स्कोर के बारे में निश्चित नहीं थे।

उन्होंने कहा ऐसी परिस्थितियों में टॉस बहुत महत्वपूर्ण होता है, लेकिन सौभाग्य से, हमने टॉस जीता, इसलिए यह एक शानदार शुरूआत थी, लेकिन आप फिर से इसे नियंत्रित नहीं कर सकते। भले ही हम टॉस हार जाएं और हमें पहले बल्लेबाजी करनी पड़े, फिर भी हमें स्थिति और पिच से निपटने के तरीके खोजने होंगे। भारत को रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले धमाकेदार मुकाबले सहित इस पिच पर दो और मैच खेलने हैं, राठौर ने भरोसा जताया कि टीम का बल्लेबाजी समूह रन बनाने के तरीके ढूंढ लेगा।

# आस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने वार्नर

**ब्रिजटाउन। एजेंसी**



सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर पूर्व कप्तान आरोन फिंच को पीछे छोड़ते हुए टी-20 अंतरराष्ट्रीय में आस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। अपना आखिरी टी20 विश्व कप खेल रहे वार्नर ने गुरुवार को केंसिंग्टन ओवल में ओमान के खिलाफ अपने पहले मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 51 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रनों की पारी खेली और अपने पूर्व बल्लेबाजी साथी को पीछे छोड़ दिया।

ऑस्ट्रेलिया के लिए 104 मैचों में वार्नर ने 33.92 की औसत से 3,155 रन बनाए हैं। उन्होंने अब तक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 27 अर्धशतक और एक शतक भी लगाया है। दूसरी ओर, फिंच ने 103 मैचों में 19 अर्द्धशतक और दो शतकों की मदद से 3120 रन बनाए हैं। ऑलराउंडर मैक्सवेल ऑस्ट्रेलिया के लिए 107 मैचों में 2,468 टी 20 आई रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन 1,462 रनों के साथ चौथे और कप्तान मार्श 55 मैचों में 1,446 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं। ओमान के खिलाफ अपनी शानदार पारी में उन्होंने मार्कस स्टोइनिस के साथ 102 रन की साझेदारी भी की, जिन्होंने 36 गेंदों पर छह छक्कों और दो चौकों की मदद से 67 रन की नाबाद तेज पारी खेली, जिससे टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 164 रन बनाने में सफल रही। जवाब में ओमान की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट पर 125 रन ही बना सकी। जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत करने के बाद ऑस्ट्रेलिया अब 8 जून को इसी स्थान पर मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा।

## वाणिज्य

# सर्राफा बाजार में कमजोरी सस्ता हुआ सोना और चांदी

**नई दिल्ली। एजेंसी**

एक दिन की बढ़त के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में एक बार फिर गिरावट का रुख बन गया है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोना और चांदी सस्ता हुआ हैं। सोना आज 220 रुपये से 250 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। सर्राफा बाजार में आज आई इस गिरावट के कारण देश के सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये से लेकर 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये से लेकर 67,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज कमजोरी दर्ज की गई है। इस गिरवाट के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में चांदी करीब 2,500 रुपये टूट कर 91,600 रुपये प्रति



किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

### कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य उछलकर 79 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इस हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 77.52 डॉलर प्रति बैरल और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.03 डॉलर यानी 0.04 फीसदी लुढ़ककर 73.22 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटव संकेत एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल सांकेतिक गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। इसी तरह एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर तेजी का माहौल बना हुआ है।

टेक शेयरों में आई तेजी के कारण पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में लगातार तेजी बनी रही। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,354.03 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने



330.86 अंक यानी 1.96 प्रतिशत उछल कर 17,187.90 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 38,798.73 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,246.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# एनडीए सरकार की आहट से शेयर बाजार गुलजार, सेंसेक्स और निफ्टी में उछाल

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्र में एनडीए सरकार बनने की बात लगभग निश्चित हो जाने की वजह से घरेलू शेयर बाजार में आज उत्साह का माहौल नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद मुनाफावसूली के चक्कर में बिकवाली का दबाव भी कुछ देर के लिए बनता नजर आया। लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर शेयर बाजार की गति को दोबारा तेज कर दिया। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.77 प्रतिशत और निफ्टी 0.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से कोल इंडिया, एनटीपीसी, ओएनजीसी, श्रीराम फाइनेंस और



स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर 4.22 प्रतिशत से लेकर 3.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर हीरो मोटोकॉर्प, हिंदुस्तान युनिलीवर, डिवीज लेबोरेट्रीज, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और नेस्ले के शेयर 2.51 प्रतिशत से लेकर 1.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,181 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,972 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 209 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 9 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 34 शेयर हरे निशान में और 16 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स 696.46 अंक उछल कर 75,078.70 अंक के स्तर पर खुला।

## देश-विदेश की 35 हस्तियों को मिला भारत गौरव अवार्ड

# भारतीय संस्कृति और राष्ट्र गान की गूंज फ्रांस की सीनेट में हुई

## फ्रांस की सीनेट में पहली बार हुआ हनुमान चालीसा का पाठ

चमकता राजस्थान



जयपुर 06 जून। फ्रांस की सीनेट में ''भारत गौरव अवार्ड'' आयोजित हुआ। जिसमें देश-विदेश की नामी हस्तियों को ''भारत गौरव अवार्ड'' से सम्मानित किया गया। ''संस्कृति युवा संस्था'' द्वारा यह अवार्ड समारोह वर्ष 2012 से अनवरत जारी है। इस अवार्ड समारोह में भारत, ब्रिटेन, अमेरिका, न्यूजीलैंड, कनाडा, साउथ अफ्रीका, मलेशिया, सिंगापुर, दुबई, लंदन, इटली, स्विट्जरलैंड, स्पेन, जिनेवा, पौलेंड, थाईलैंड, बैंकाक सहित कई देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेहंदीपुर बालाजी के महंत डॉ. नरेश पुरी जी महाराज ने कहा कि भारतीयों ने पुरे विश्व में भारत का नाम रौशन किया है। जब भारत को आजादी मिली थी तो किसी ने सोचा भी नहीं था कि एक दिन विश्व पटल पर भारतीय इस प्रकार अपनी पहचान बनायेगें। आज सभी क्षेत्रों में भारतीय लोग अग्रणी भूमिका निभा रहे है और पूरे विश्व में भारतीयों की धाक बढ रही है। यह विचार संस्कृति युवा संस्था की ओर से पेरिस में भव्य भारत गौरव सम्मान समारोह में कहे। इस अवसर पर मेहंदीपुर बालाजी के महंत डॉ. नरेश पुरी जी महाराज ने हनुमान चालीसा के पाठ के साथ अपना संबोधन प्रारम्भ किया तथा कहा कि हम सबको अपने जीवन में बालाजी का आशीर्वाद लेना चाहिए, तो निश्चित रूप से जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति होगी।

इस अवसर पर महाराज ने कहा कि मैं जहां भी देष विदेश में जाता हूं तो अपने कार्यक्रम का प्रारम्भ हनुमान चालीसा से करता हूं। आज पहली बार फ्रांस की सीनेट में हनुमान चालीसा के पाठ बालाजी महाराज के आशीर्वाद से करने का सौभाग्य मुझे मिला है।

इस अवसर पर समारोह में फ्रांस की सीनेट में वाइस प्रेसिडेंट डोमिनिक थियोफाईल ने भी संबोधित किया तथा कहा कि पूरे विश्व में भारतीयों का दबदबा है और हर क्षेत्र में भारतीय कार्य कर रहे हैं ।

इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता करते हुये संस्कृति युवा संस्था के इंटरनेशनल अध्यक्ष पं सुरेश मिश्रा ने कहा है कि हमें तय करना है कि हम अपने देश की माटी से इस प्रकार जुड़े रहें की हमारा अपनापन और भारतीयता लगातार आगे बढे। मिश्रा ने कहा है कि संस्कृति का ये 11वां आयोजन है और संस्कृति ने जयपुर मैराथन और सामाजिक जन आंदोलन और सामाजिक संचेतना का जो कार्य हाथ में ले रखा है वो अनवृत इसी प्रकार आगे बढ़ता रहेगा।

मिश्रा ने कहा कि पेरिस में आकर यह सम्मान समारोह आयोजित करना हम सबके लिये गौरव की बात है। जिन विभूतियों को आज भारत गौरव अवार्ड मिला है मै उनसे यही विनती करता हूं कि वह देष के विकास के लिए युवाओं को आगे लायें।

भारतीय दूतावास के अधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि अब भारतीय पुरे विश्व में अपनी धाक जमा रहे है। जब भी हम भारतीयों से मिलते है तो अपनापन महसूस करते है। पेरिस की सीनेट में आकर भारत का तिरंगा लहराना अपने आप में बड़ी बात है।

इस अवसर पर फिल्म निर्माता निर्देशक अन्नू कपूर, यूनाईटेड किंगडम के गुरूजी राजराजेश्वर जी, माण्ड गायिका बेगम बतूल ने भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के फ्रांस चैप्टर के चैयरमेन अनवर हुसैन एवं संस्कृति युवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष गौरव धामाणी ने बताया कि भारतीय आध्यात्मिक गुरु पद्म भूषण दाजी कमलेश डी

### 18 देशों से आये प्रतिनिधि

पटेल, भारतीय फिल्म डायरेक्टर अन्नू कपूर, पद्मश्री न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. सुधीर शाह, नारी शक्ति पुरस्कार एवं भजन मांड शैली की गायिका बेगम बतूल, संस्कार टीवी के सीईओ मनोज त्यागी, आस्था टीवी चैनल के सीईओ डॉ. सतीश कुमार जैन, यूनाईटेड किंगडम के आध्यात्मिक गुरु एचएच श्री राजराजेश्वर गुरुजी, अयोध्या में राम मंदिर की पोशाक बनाकर चर्चित हुए देश के नामी फैशन डिजाइनर मनीष त्रिपाठी, अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति बनाने वाले देश के नामी मूर्तिकार अरुण योगीराज, अमेरिका में माउंट सिनाई हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. देवेन्द्र मेहता, एबीपी न्यूज के एक्ज्यूटीव एडीटर इन्द्रजीत राय, पदम ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर शंकर कुलेरिया, अमेरिका फाउंडर रिलाय सर्विस के सीईओ नीलेश कोट, अमेरिका से फाईनेशियल एजूकेटर सीनियर मार्केटिंग डायरेक्टर केवट कुमार पटेल, पेरिस में साहित्यकार डॉ. सरस्वती जोषी, साइंस कम्यूनिकेटर एवं सोशल एंटरप्रेन्योर पद्मश्री संतोष चौबे, सांवरिया एजुकेशन कंसलटेंट के फाउंडर नरेश गोयल, भोपाल से प्रसिद्ध वास्तुकार डॉ. पंकज अग्रवाल, कनाडा की चीफ साइंटिस्ट ऑफिसर प्रोफेसर डॉ. साधना जोशी, पत्रकार जगदीश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता और गरीब बच्चो के लिये काम कर रहे सेवा आचार्य भरत नागदा, शिव नारायण ज्वैलर्स के एमडी और 10 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले तुषार अग्रवाल, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अजंना सिंह सेंगर, टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योर एंड सोशल वर्कर पवन कुमार अग्रवाला, इटली में रेस्टोरेंट बिजनेस में अपनी धाक जमाने वाले मोहन सिंह चौहान, फ्रांस के एंटरप्रेन्योर चमन लाल भल्ला, फ्रांस की डिप्टी मेयर ओलिविया रामौतार, ग्वाडेलोप फ्रांस के एंटरप्रेन्योर जीन यवेस, यूएस में प्रोफेसर डॉ. आशा समंत, स्विट्जरलैंड मे डायरेक्टर होम ले जेनेवियर की रामा रेड्डी, साउथ अफ्रीका मे वुमेन काउंसिल की फाउंडर, सीईओ एडवोकेट प्रिया कुमारी हसन, साउथ अफ्रीका मे लीगल एडवाइजर एडवोकेट शामला पाथेर, फ्रांस में लैंगवेज एसोसिएटस एण्ड कैनस्पीक के सीईओ भरत मेहतानी, आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु श्री रितेश्वर महाराज, सनातन संस्था के फाउंडर डॉ. जयंत अठावले, फ्रांस मे संगीतकार मथियालगन कनगरत्नम, चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष कार्य कर रही पश्चिम बंगाल से डॉ. संध्या मंडल को ''भारत गौरव'' के अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

इस अवसर पर सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, गोल्ड मेडल व शॉल देकर प्रतिभाओं को ''भारत गौरव'' के अलंकरण से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत संस्कृति युवा संस्था के अनवर हुसैन, इटली से नरिष्यंत शर्मा, अमेरिका से इन्द्रजीत शर्मा, गौरव धामाणी, मिनी शर्मा, श्वेता धामाणी, नीलम मिश्रा, संस्कृति मिश्रा ने किया। सभी अतिथियों को फ्रांस चैप्टर के चैयरमेन अनवर हुसैन ने धन्यवाद दिया साथ ही कार्यक्रम का संचालन सौम्यता मिश्रा ने किया।

इस अवसर पर भारत का राष्ट्रगान एवं फ्रांस का राष्ट्रगान भी गाया। साथ ही फ्रांस के सीनेटर, मिनिस्टर, सांसद गण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन !



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आर आर तिवाड़ी के निर्देशानुसार आज प्रातः 11 बजे सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे पुष्पेन्द्र भारद्वाज के नेतृत्व में पानी, बिजली कि विकट समस्या को लेकर जलदाय विभाग व बिजली विभाग पर सैकड़ों कांग्रेस जन ने विरोध प्रदर्शन किया और समस्याओं के बाबत ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला प्रभारी सांगानेर विधानसभा हाजी उस्मान खान, विक्रम सिंह पंवार,वशिष्ठ नेता शहर कांग्रेस रामेश्वर शर्मा,लाक कांग्रेस सांगानेर व मानसरोवर अध्यक्ष राजीव चौधरी ,पार्षद नेता प्रतिपक्ष नगरनिगम ग्रेटर, रतन सैनी, धर्मसिंह सिंघानिया, अर्शद अली , मण्डल अध्यक्ष गण, वार्ड अध्यक्ष गणों के साथ क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं, महिला कार्यकर्ताओं ने आज के प्रदर्शन में भाग लिया। इस अवसर पर सभी कांग्रेस जनों को जिला कांग्रेस अध्यक्ष आर आर तिवाड़ी कि ओर से धन्यवाद, आभार प्रकट किया।

### कांग्रेस अध्यक्ष से कांग्रेस विधायकों एवं नव निर्वाचित सांसदों ने की मुलाकात



**चमकता राजस्थान (अत्री कुमार दाधीच)। जयपुर, 06 जून।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा से आज दौसा लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद मुरारी लाल मीणा, कोटा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल, पाली लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रही श्रीमती संगीता बेनीवाल ने शिष्टाचार भेंट की। प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि इस अवसर पर बूंदी विधायक हरि मोहन शर्मा, हिण्डोली विधायक व पूर्व मंत्री अशोक चांदना, केशोरायपाटन विधायक सी. एल. प्रेमी, किशनगढ़ विधायक डॉ. विकास चौधरी, विधायक चेतन पटेल, हिण्डोन विधायक श्रीमती अनीता जाटव, कोटा देहात जिला कांग्रेस के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, झुंझुनूं जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश सुण्डा, विधानसभा चुनाव में रामगंजमण्डी से प्रत्याशी रहे महेंद्र राजोरिया, कोटा दक्षिण से प्रत्याशी रही श्रीमती राखी गौतम, लाडपुरा से प्रत्याशी रहे नईमुद्दीन गुड्डू, विधानसभा चुनाव में पुष्कर से कांग्रेस प्रत्याशी रही श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ, झोटवाड़ा से विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे अभिषेक चौधरी, एनएसयूआई की ऋतु बराला सहित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से भेंट की तथा प्रदेश में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सफलता पर बधाई दी। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एकता के साथ कांग्रेस के प्रत्याशियों को लोकसभा चुनाव में विजई बनाने हेतु कठिन परिश्रम एवं मेहनत की है जिसके लिए सभी साधुवाद के पात्र हैं।

# आरएसआरडीसी घूसकांड मामले में एसीबी की जाँच जारी

## चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर द्वितीय आरके लूथरा के दो लॉकरों में मिलीं 43 लाख की ज्यूलरी,बेटे का लॉकर खुलना बाक़ी !

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** गुरुवार को आरएसआरडीसी घूसकांड में एसीबी ने चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर द्वितीय आरके लूथरा के घर मिले तीन बैंक लॉकरों में से दो की तलाशी ली, जिनमें करीब 43 लाख रुपए कीमत की ज्वेलरी मिली है, जिसे एसीबी ने जब्त कर ली और जांच कर रही है। एक लॉकर की तलाशी बाकी हैं, जो लूथरा के बेटे के नाम से है।

बेटा अभी विदेश में बताया जा रहा है। बेटे के आने के बाद ही तलाशी ली जा सकेगी। ऐसे में एसीबी ने बैंक प्रबंधन को पाबंद कर दिया है। इधर, एसीबी ने पकड़े गए संविदा सलाहकार महेश गुप्ता, धौलपुर प्रोजेक्ट डायरेक्टर - सियाराम व भरतपुर प्रोजेक्ट डायरेक्टर लक्ष्मण सिंह की रिमांड अवधि पूर्ण होने पर कोर्ट में पेश किया, जहां से महेश गुप्ता व सियाराम को दो दिन के लिए रिमांड व लक्ष्मण सिंह को जेल भेज दिया।

इनसे एसीबी घूसकांड में शामिल अन्य कार्मिकों की भूमिका के संबंध में पूछताछ कर रही है। इसके साथ ही एसीबी आरोपियों के कब्जे से मिले जमीनों के दस्तावेजों की जांच करने में जुटी हुई है।

गौरतलब है कि एसीबी ने सोमवार को झालाना स्थित राजस्थान स्टेट रोड डवलपमेंट कॉरपोरेशन (आरएसआरडीसी) के कार्यालय में दबिश देकर रिश्वत देने वाले धौलपुर प्रोजेक्टर डायरेक्टर सियाराम चन्द्रावत, भारतपर प्रोजेक्ट डायरेक्टर लक्ष्मण सिंह और एमडी सुधीर माथुर के नाम से रिश्वत लेने वाले



रिटायर्ड एएओ संविदा सलाहकार महेश गुप्ता को रंगे हाथ पकड़ा था।

# व्यापक लोकहित में वैधानिक तरीके से कार्य करें अधिकारी -राजेश्वर सिंह(अध्यक्ष, राजस्व मंडल)

## प्रशिक्षु आरटीएस का आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम





चमकता राजस्थान

**जयपुर, 6 जून।** राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने कहा कि प्रशासनिक तबके को विधिक एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से सुदृढ़ होकर निष्पक्ष एवं दृढ़तापूर्वक सेवाएं देने का संकल्प लेना चाहिए। वे गुरुवार को आरआरटीआई अजमेर सभागार में आरटीएस 31वें बेच के नवनियुक्त नायब तहसीलदारों के आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

**श्रेष्ठ व्यक्तित्व को बनायें आधार**

उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कार्य व्यवहार में श्रेष्ठ व्यक्तित्व को आधार बनाकर कार्य करें। सभी वर्गों के कार्य जो विधिसम्मत एवं न्यायोचित हों उन्हें अविलंब पूरा करने के प्रयास किए जाएं। जहां अतिक्रमण हटाने का विषय हो वहां प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत से कार्य करें। कार्य संपादन में गंभीरता, अनुशासन व सहजता के संतुलन को बनाए रखें। राजस्व दायित्वों के भलीभांति निर्वहन के लिए विधि,नियम,विनियम व समय समय पर जारी परिपत्रों का अध्ययन कर अपने ज्ञान को आदिनांक रखें।मंडल अध्यक्ष ने प्रशिक्षु नायब तहसीलदारों से अपेक्षा की कि वे विधिक आधार से कार्यरचना को समझें। मंडल अध्यक्ष ने समुचित आत्मज्ञान एवं आकलन को भी कार्य निष्पादन का श्रेष्ठ आधार बताया। उन्होंने कार्य क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए स्थानीय भौगोलिक, सामाजिक, ऐतिहासिक, व्यापारिक, राजनीतिक व सांस्कृतिक परिवेश को पूरी तरह समझते हुए ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का विधिवत अध्ययन करने की भी महती जरूरत बताई। उन्होंने क्षेत्र के बेहतर विकास के लिए अपने अनुभवों को साझा करने पर भी जोर दिया।

### सशक्त कड़ी है आरटीएस

मंडल अध्यक्ष ने तहसीलदार संवर्ग को प्रशासनिक तबके की सशक्त एवं महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए कहा कि अधिकारियों को पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं जवाबदेही के साथ कार्य निर्वहन करने की आवशयकता है। उन्होंने कार्य क्षेत्र में सफलता के लिए सतत संवाद से सूचना तंत्र को मजबूत बनाने एवं आमजन से बेहतर व्यवहार बनाए रखने की सीख दी। आरंभ में आरआरटीआई निदेशक सुश्री ऋषिबाला श्रीमाली ने बताया कि संस्थान में आरटीएस के 31वें बैच के तहत 69 प्रशिक्षु आरटीएस आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने संस्थान की गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

## राजस्थान के लिए तैयार किया जा रहा “रोड सेफ्टी स्ट्रेटजी एवं एक्शन प्लान प्रोजेक्ट”

चमकता राजस्थान



**जयपुर, 06 जून ।** राज्य सरकार की 100 दिवसीय कार्ययोजना की क्रियान्विति के क्रम में मुख्य सचिव सुधांशु पंत की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में स्टेट रोड सेफ्टी स्ट्रेटजी एंड एक्शन प्लान को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में राजस्थान में आगामी 10 वर्षों के लिए सड़क सुरक्षा के समस्त आयामों को सम्मिलित करते हुए स्टेट रोड सेफ्टी स्ट्रेटजी एंड एक्शन प्लान के तैयार प्रारूप पर विभिन्न सड़क सुरक्षा हितधारक विभागों के साथ चर्चा हुई।

मुख्य सचिव पंत ने प्रारूप का परीक्षण कर उसमें सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण घटकों को सम्मिलित किए जाने हेतु हितधारक विभागों को आवशयक निर्देश प्रदान किये। इस अवसर पर परिवहन एवं सड़क सुरक्षा की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती श्रेया गुहा, तथा परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोडा, सहित सार्वजनिक निर्माण, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिकित्सा शिक्षा, एलएसजी, यूडीएच, रोडवेज, एनएचएआई, जेसीटीएसएल, मोटर गैराज, स्कूल एवं कॉलेज शिक्षा, वन विभाग, एनआईसी, आरएसआरडीसी, आबकारी तथा अन्य हितधारक विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929